You Tube Subscribe Amar Bhaskar News @amarbhashkarnews Amar bhashkar



हिन्दी दैनिक

# अमर भास्कर

ज़िद सच की

उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, मध्यप्रदेश, झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ एवं उत्तराखंड में प्रसारित



सीएम योगी बोले- संगम का जल नहाने योग्य....०1 | Email- amarbhashkar21@gmail.com, www.amarbhashkar.in | अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश शिवकुमारी बोलीं ..........०1

वर्ष: ०2 अंक: 215 | बदायूं, गुरूवार 2० फरवरी 2025 | पृष्ठ- ०8 | मूल्य- 4.०० रूपये


### दिल्ली की मुख्यमंत्री होंगी रेखा गुप्ता

## विधायक दल की बैठक में लगी मुहर, आज सीएम पद की लेंगी शपथ



**दिल्ली।** में मुख्यमंत्री के नाम को लेकर बना सस्पेंस खत्म हो गया है। रेखा गुप्ता को राज्य के नए मुख्यमंत्री के रूप में चुना गया है। आज यानी 2० फरवरी को दिल्ली के नए मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण कार्यक्रम होगा। उपराज्यपाल वीके सक्सेना दोपहर 12.35 बजे नए मुख्यमंत्री और मंत्रिमंडल को शपथ दिलाएंगे। पहले यह कार्यक्रम शाम 4.3० बजे के लिए प्रस्तावित था।

बुधवार शाम को दिल्ली में भाजपा के नवनिर्वाचित विधायकों की बैठक हुई, जिसमें रेखा गुप्ता विधायक दल के नेता के रूप में चुनी गईं। रेखा गुप्ता उपराज्यपाल वीके सक्सेना से मिलकर सरकार गठन का दावा पेश करेंगी और 2० फरवरी को रामलीला मैदान में नई सरकार का शपथ ग्रहण होगा। रेखा गुप्ता दिल्ली की शालीमार बाग विधानसभा सीट से विधायक हैं। वे मौजूदा समय में दिल्ली भाजपा की महासचिव और भाजपा के महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी हैं। 5० वर्षीय रेखा का जन्म हरियाणा के जींद जिले में स्थित नंदगढ़ गांव में 1974 में हुआ था। उनके पिता स्टेट बैंक ऑफइंडिया में अधिकारी पद पर थे।

रेखा गुप्तापढ़ाई पूरी करने के बाद रेखा गुप्ता 2००3-०4 में भाजपा युवा मोर्चा की दिल्ली इकाई से जुड़ीं और यहां सचिव पद पर रहीं। इसके बाद 2००4 से 2००6 तक उन्होंने भारतीय जनता युवा मोर्चा की राष्ट्रीय सचिव के तौर पर जिम्मेदारी निभाई।

रेखा गुप्ता बचपन में पढ़ाई-लिखाई के दौरान ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संगठन (आरएसएस) के स्टूडेंट विंग अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) से जुड़ गई थीं। इसके बाद दिल्ली विश्वविद्यालय में पढ़ाई के दौरान वह दौलत राम कॉलेज में सचिव का चुनाव जीतने में सफ्ल रहीं। 1995-96 में उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ का चुनाव लड़ा और अध्यक्ष बनीं। रेखा ने इसके बाद एलएलबी तक की पढ़ाई पूरी की।

इससे पहले 19 फरवरी यानि बुधवार की दोपहर में भाजपा के संसदीय बोर्ड ने दिल्ली प्रदेश में पार्टी विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किए। भाजपा ने रविशंकर प्रसाद, ओपी धनखड़ को पर्यवेक्षक बनाया था। इन्हीं की उपस्थित में शाम को भाजपा विधायक दल की बैठक हुई।

## चुनाव परिणामों के लिए आप जवाबदेह होंगे, मल्लिकार्जुन खरगे की कांग्रेस नेताओं को दो टूक

### पार्टी महासचिव और प्रदेश प्रभारियों की ली बैठक



**दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पार्टी के भीतर जवाबदेही की जरूरत पर जोर देते हुए बुधवार को शीर्ष पार्टी नेताओं को सख्त चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि सभी महासचिव और प्रभारी अपने प्रभार वाले राज्यों में संगठन व चुनाव परिणामों के लिए जवाबदेह होंगे। दरअसल, खरगे ने बुधवार को पार्टी महासचिवों और प्रदेश प्रभारियों की एक अहम बैठक की। इसमें नए मुख्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति के मुद्दे का भी जिक्र किया गया। खरगे ने कहा कि चयन समिति से प्रधान न्यायाधीश को बाहर करने से साफ है कि सरकार को उनकी निष्पक्षता पर भी भरोसा नहीं है।

उन्होंने मतदाता सूचियों में कथित गड़बड़ी को लेकर कहा कि इस चुनौती से निपटना होगा। खरगे ने पार्टी पदाधिकारियों से कहा कि कई बार पार्टी की मजबूती के लिए जल्दबाजी में कई लोगों को शामिल कर लिया जाता है, लेकिन विचारधारा में कमजोर लोग मुश्किल समय में भाग खड़े होते हैं। असल फिसल पड़े और नकल चल पड़े यह पुरानी कहावत है, ऐसे लोगों से हम दूर रहें। आपको ऐसे लोगों को लाना चाहिए, जो वैचारिक रूप से प्रतिबद्ध हों और जो मुश्किल समय में पार्टी के पीछे चट्टान की तरह खड़े रहें। यह टिप्पणी दिल्ली चुनाव में पार्टी की करारी हार को लेकर आई है।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, मैंने कार्य समिति की पिछली दो बैठकों में संगठनात्मक सृजन बात की थी। उस कड़ी में कई फैसले लिए जा चुके हैं। कुछ और फैसले जल्दी ही किए जाएंगे। इंदिरा भवन स्थित पार्टी मुख्यालय में आयोजित बैठक में नए पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने पार्टी नेताओं से जमीनी स्तर पर काम करने, बूथ स्तर से पार्टी को मजबूत करने और ऐसे लोगों को बढ़ावा देने का आग्रह किया, जो संगठन के प्रति वैचारिक रूप से प्रतिबद्ध हैं। खरगे ने संगठन में कुछ और बदलावों का भी संकेत दिया और कहा कि कुछ बदलाव पहले ही हो चुके हैं।

### एक नजर

#### रूसी राष्ट्रपति पुतिन बोले- अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप से मिलना चाहता हूं

**दिल्ली।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बुधवार को कहा कि वह अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मिलना चाहते हैं, लेकिन इस बैठक के लिए उचित तैयारी की जरूरत है, ताकि इसका कुछ नतीजा निकल सके। पुतिन ने टेलीविजन पर अपने संबोधन में कहा, मैं (ट्रंप के साथ) बैठक करना चाहता हूं, लेकिन इसके लिए तैयारी इस प्रकार होनी चाहिए कि इससे परिणाम मिलें। उन्होंने कहा कि उन्हें ट्रंप से मिलने पर खुशी होगी। पुतिन का यह बयान ऐसे समय में सामने आया है, जब हाल ही में सऊदी अरब में रूस और अमेरिका के शीर्ष राजनयिकों की बैठक हुई है। इस बैठक में दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और यूक्रेन युद्ध को खत्म करने के तरीकों पर चर्चा की गई। उन्होंने सऊदी अरब में रूसी और अमेरिकी अधिकारियों के बीच हुई बातचीत की सराहना की। पुतिन ने यह भी कहा कि ट्रंप ने यह माना है कि यूक्रेन के मुद्दे का समाधान उतनी जल्दी नहीं हो सकता, जितना पहले उन्होंने सोचा था।

## सीएम योगी बोले- संगम का जल नहाने योग्य, मानव मल की अफवाह फैला रहा विपक्ष

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि महाकुंभ के आयोजन को लेकर अफवाह फैलाने वाले करोड़ों लोगों की आस्था का अपमान कर रहे हैं। अब तक महाकुंभ में 56 करोड़ से भी ज्यादा लोग स्नान कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि संगम का जल साफहै और डुबकी लगाने योग्य है। विपक्ष के लोग इसमें मानव मल होने का दुष्प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि महाकुंभ का आयोजन किसी सरकार का आयोजन नहीं है। यह सनातन संस्कृति का आयोजन है। महाकुंभ पर अफवाह फैलाने वाले और अनर्गल आरोप लगाने वाले सनातन आस्था का अपमान कर रहे हैं। इस



पर राजनीति नहीं करना चाहिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यूपी विधानसभा में महाकुंभ पर संक्षिप्त चर्चा में जवाब दे रहे थे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सपा के लोग महाकुंभ का पहले दिन से ही विरोध कर रहे हैं। इनकी एक सहयोगी ममता बनर्जी ने महाकुंभ को मृत्युकुंभ कहा है। इसी तरह राजद नेता लालू प्रसाद यादव ने इसे फालतू की बात कहा है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा था कि महाकुंभ की भगदड़ में हजारों लोगों की मौत हुई है। उन्होंने कहा कि अगर सनातन संस्कृति का पालन करना अपराध है तो हम ये अपराध हजार बार करेंगे। उन्होंने सपा पर हमला करते हुए कहा कि संक्रमित व्यक्ति का उपचार हो सकता है संक्रमित सोच का कोई उपचार नहीं है। महाकुंभ महान आयोजन है। महान कार्य को तीन अवस्थाओं से गुजरना पड़ता है। उपहास से, विरोध से और स्वीकृति से। स्वीकृति का इससे अधिक प्रमाण क्या हो सकता है कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष खुद चुपचाप जाकर महाकुंभ में डुबकी लगा आए। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुंभ किसी पार्टी विशेष और सरकार का नहीं, बल्कि समाज का आयोजन है। सरकार पीछे है। सरकार सहयोग और उत्तरदायित्वों का निर्वहन करने के लिए सेवक के रूप में है।

## मुडा मामले में सीएम सिद्धारमैया और उनकी पत्नी को क्लीन चिट, नहीं मिले सबूत

**दिल्ली।** मुडा मामले में कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया और उनकी पत्नी को क्लीन चिट मिल गई है। लोकायुक्त पुलिस का कहना है कि सीएम सिद्धारमैया, उनकी पत्नी और अन्य के खिलाफकोई सबूत नहीं मिले। कर्नाटक में मुडा जमीन आवंटन मामले में 25 सितंबर को विशेष अदालत के आदेश के बाद 27 सितंबर को लोकायुक्त पुलिस ने सीएम सिद्धारमैया, उनकी पत्नी पार्वती और पत्नी के भाई मल्लिकार्जुन स्वामी के खिलाफएफआईआर दर्ज की थी। लोकायुक्त पुलिस ने कहा कि मुडा जमीन आवंटन मामले में सबूतों के अभाव में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उनकी पत्नी पार्वती के खिलाफआरोप साबित नहीं किए जा सके। अधिकारियों ने बताया कि उन्होंने अंतिम रिपोर्ट हाईकोर्ट को सौंप दी है। लोकायुक्त पुलिस ने कार्यकर्ता स्नेहमयी कृष्णा को भेजे एक पत्र में कहा कि मामले में आरोपी एक से आरोपी चार के खिलाफआरोप सबूतों की कमी के कारण साबित नहीं हुए हैं। इसलिए अंतिम रिपोर्ट उच्च न्यायालय को सौंपी जा रही है।

## विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव को मार्शलों ने निकाल कर बाहर किया

### सभापति से कुंभ पर चर्चा का समय बढ़ाने की मांग कर रहे थे

**लखनऊ।** यूपी विधान परिषद में सदन की कार्यवाही के दौरान नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव को मार्शलों ने निकाल कर बाहर कर दिया। वो सभापति से कुंभ पर चर्चा का समय बढ़ाने की मांग कर रहे थे। इस दौरान सपा के सभी सदस्य वेल में थे। पीठ की व्यवस्था न मानने पर उन्हें मार्शलों को बाहर निकालने का निर्देश दिया गया। लाल बिहारी यादव को उठाकर सदन से बाहर कर दिया गया।



सत्र की कार्यवाही प्रारंभ होने से पहले यूपी के वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि यूपी का बजट जन कल्याणकारी होगा। जनभावनाओं के अनुरूप होगा। गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों का ध्यान रखा जाएगा। ढांचागत विकास का विशेष रूप से ध्यान रखा जाएगा। वहीं, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्ती के महाकुंभ को मृत्युकुंभ बताए जाने पर उन्होंने कहा कि जिन लोगों को जानकारी नहीं होती है वो इस तरह की भाषा का प्रयोग करते हैं।


**विधानसभा के अध्यक्ष बोले- अपनी जिम्मेदारी निभाए विपक्ष**

सदन की कार्यवाही प्रारंभ होने से पहले विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि जनता की भलाई के लिए सदन का सुचारू रुप से चलना बेहद जरूरी है। विपक्ष को अपनी जिम्मेदारियों को ठीक तरह से निभाना चाहिए। जहां जरूरत हो उन्हें सरकार की आलोचना का अधिकार है। बतौर विधानसभा अध्यक्ष मैं सभी को भरोसा दिलाता हूं कि सदन के सभी सदस्यों को उनके मुद्दों को उठाने का पूरा मौका दिया जाएगा।

## आप किसी बड़े वकील का नाम लेंगे और हम सुनवाई स्थगित कर देंगे

**दिल्ली।** बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में एक मामले की सुनवाई के दौरान वकील ने पीठ से सुनवाई स्थगित करने की मांग की क्योंकि एक वरिष्ठ वकील सुनवाई में शामिल होने वाले थे। इस पर पीठ ने वकील को फटकार लगाई और सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि अगर आपको लगता है कि किसी बड़े वकील का नाम लेकर आप मामले की सुनवाई स्थगित करा लेंगे तो आपका ये सोचना गलत है।

जस्टिस अभय एस ओका और उज्जल भुइंया की पीठ ने एक व्यवसायिक विवाद के मामले में सुनवाई के दौरान ये टिप्पणी की। दरअसल सुनवाई के दौरान पेश हुए एक वकील ने कोर्ट से अपील



की कि सुनवाई के चार हफ्ते के लिए स्थगित कर दिया जाए, क्योंकि वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे इस मामले में आगे सुनवाई करेंगे। वकील ने बताया कि साल्वे अभी विदेश में हैं और जब वे वापस भारत लौटेंगे तो सुनवाई में शामिल होंगे।

इस पर पीठ ने नाराजगी जताते हुए कहा कि श्क्या आपको ऐसा लगता है कि हम मामले की सुनवाई इसलिए स्थगित कर देंगे क्योंकि आपने एक वरिष्ठ वकील का नाम लिया है? वकीलों को ये आदत छोड़नी होगी। हम इस आधार पर सुनवाई स्थगित नहीं कर सकते। पीठ ने कहा कि श्हम इस सोच को खत्म करना चाहते हैं। हालांकि बाद में पीठ ने वकील की अपील को स्वीकार कर लिया और मामले की सुनवाई स्थगित कर दी। हरीश साल्वे देश के जाने-माने वकील हैं और कई हाई प्रोफाइल मामलों से जुड़े रहे हैं।

इससे पहले जनवरी में भी अदालत ने एक वकील को फटकार लगाई थी क्योंकि वकील अपनी कार से ही सुनवाई में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शामिल हुए थे। अदालत ने इस पर नाराजगी जाहिर करते हुए वकील को फटकारा था और अदालत की गरिमा बनाए रखने का निर्देश दिया था।

## सीईसी और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति वाली याचिकाओं पर सुनवाई टली

**दिल्ली।** देश की सर्वोच्च न्यायालय ने मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित कानून की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई स्थगित कर दी है, जिसमें चुनाव आयुक्तों के चयन पैनल से भारत के मुख्य न्यायाधीश को हटा दिया गया था। इससे पहले कोर्ट ने मंगलवार को कहा था कि वह मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) और निर्वाचन आयुक्तों (ईसी) की नियुक्तियों के खिलाफ दायर याचिकाओं पर 19 फरवरी को प्राथमिकता के आधार पर सुनवाई करेगा।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ को एक गैर सरकारी संगठन की ओर से पेश अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने बताया था कि संविधान पीठ के 2०23 के फैसले में कहा गया था कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त और निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्तियां ऐसा पैनल करेगा, जिसमें भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) भी शामिल होंगे। इसके बावजूद सरकार ने सीजेआई को इसमें शामिल नहीं किया और इस तरह से लोकतंत्र का मजाक उड़ाया उन्होंने कहा, यह मामला 19 फरवरी के लिए सूचीबद्ध है, लेकिन इसे आइटम नंबर 41 के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।




# विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**फिरोजाबाद।** पीएम श्री स्कूल दबरई के उत्साही छात्रों के एक समूह ने शैक्षिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के हिस्से के रूप में एफएस विश्वविद्यालय और डीपीएस का दौरा किया। इसका उद्देश्य सहयोग और सीखने को बढ़ावा देना था। एक्सपोजर विजिट को ग्राम प्रधान जगदीश कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस यात्रा में इंटरैक्टिव सत्र, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और व्यावहारिक गतिविधियाँ शामिल थीं जो छात्रों को विभिन्न शिक्षण वातावरणों के साथियों के साथ जुड़ने की अनुमति देती थीं। छात्रों ने समूह चर्चा, खेल गतिविधियों और कार्यशालाओं में भाग लिया, जिससे टीम वर्क और रचनात्मकता को बढ़ावा मिला। पीएम श्री स्कूल दबरई की प्रधान अध्यापक प्रभा वर्मा ने यात्रा के बारे में उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, ष्यह




आदान-प्रदान हमारे छात्रों को दूसरों से सीखने, विचार साझा करने और अपने दृष्टिकोण को व्यापक बनाने का एक शानदार अवसर देता है।

छात्रों ने एफएस विश्वविद्यालय और डीपीएस का निर्देशित दौरा भी किया, जहां उन्होंने कक्षाओं, विज्ञान प्रयोगशालाओं और पुस्तकालय का अवलोकन किया। आलोक सर, भोला यादव और अभिषेक कुमार ने जहां विश्वविद्यालय परिसर में छात्रों को ज्ञान दिया, वहीं डीपीएस में दीक्षा मेम ने विभिन्न प्रयोगशालाएं दिखाने के अलावा छात्रों को संगीत पर नृत्य करने का मौका भी दिया। यह दौरा एक प्रश्न-उत्तर सत्र के साथ संपन्न हुआ जहां छात्रों ने प्रयोगशाला प्रशिक्षकों के साथ उत्सुकता से बातचीत की और ज्ञानवर्धक प्रश्न पूछे। सहायक अध्यापक अफ्ज़ाल अहमद ने आशा व्यक्त की कि दोनों स्कूल भविष्य में इस तरह के और दौरों के लिए तत्पर रहेंगे, संबंधों को मजबूत करेंगे और छात्रों के लिए शैक्षिक अनुभव में सुधार करेंगे।

उन्होंने कहा कि यात्रा का उद्देश्य सीखने के अनुभव प्रदान करना और वैज्ञानिक अवधारणाओं के बारे में छात्रों की समझ को गहरा करना था। शिक्षिका आकांक्षा वर्मा ने कहा कि यात्रा के दौरान, छात्रों ने व्यावहारिक प्रयोगों को देखा, इंटरैक्टिव प्रदर्शनों में भाग लिया और विभिन्न वैज्ञानिक उपकरणों के साथ व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया। लैब प्रशिक्षकों और शिक्षकों ने उन्हें भौतिकी, रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान प्रयोगशालाओं सहित विभिन्न वर्गों के माध्यम से मार्गदर्शन किया, जहां उन्होंने रासायनिक प्रतिक्रियाओं, सूक्ष्म जीव विज्ञान और विद्युत सर्किट के बारे में सीखा।

## हृदयगति रुकने हुई थी भेड़ों की मौत

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अलीगढ़।** विकास खंड बिजौली के दादों निवासी इमरान और राशिद ने भेड़ और बकरा पालन का कारोबार कर रखा है। सोमवार की सुबह भेड़-बकरियों को भोजन देने पहुंचे तो देखा कि बाड़े में कई सारी भेड़ व बकरियां मरी पड़ी और कुछ तड़प रहीं है। सूचना पर पशु चिकित्साधिकारी टीम के साथ पहुंच गए। घायल दोनों भेड़ों का उपचार किया लेकिन उन्होंने भी कुछ देर में दम तोड़ दिया। अचानक इतने भेड़ व बकरियों की मौत से ग्रामीणों में तरह-तरह की अफवाह फैलने लगी। इधर पशु पालन विभाग ने भेड़ों का पोस्टमार्टम पशु चिकित्साधिकारियों की टीम से कराई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट भेड़ों के मौत का कारण साफ हो गया। सीवीओ डॉ. दिवाकर त्रिपाठी ने बताया कि भेड़ों की मौत हृदय गति रुकने और भगदड़ में हुई है।

# कॉलेज में आयोजित की गई फेयरवेल पार्टी

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के अब्दुल बसीर खान हाई स्कूल में कक्षा 10 के छात्रों के लिए विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, प्रतियोगिताएं और प्रेरणादायक भाषण प्रस्तुत किये गए। मुख्य अतिथि अल नियाज पब्लिक स्कूल के निदेशक और एएमयू एबीके हाई स्कूल के पूर्व प्राचार्य, डॉ. मोहम्मद अब्बास नियाजी ने छात्रों को शिक्षा और चरित्र दोनों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि सफलता केवल शैक्षणिक उपलब्धियों तक सीमित नहीं है, बल्कि एक दयालु और जिम्मेदार व्यक्ति बनने में भी निहित है। यहां सीखे गए मूल्यों को अपनाएं और अपने स्कूल का नाम रोशन करें। मानद अतिथि, बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) कार्यालय,



अलीगढ़ में मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम (एमआईएस) समन्वयक, और एबीके स्कूल के पूर्व छात्र, मोहम्मद तारिक ने अपने छात्र जीवन की यादें साझा करते की। इससे पूर्व अतिथियों का स्वागत करते हुए प्राचार्य डॉ. समीना ने अनुशासन और निरंतर प्रयास के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने एएमयू के स्कूल निदेशक प्रो. असफर अली खान सहित विश्वविद्यालय अधिकारियों की ओर से शुभकामनाएं दीं, इस अवसर पर छात्रों ने नाटक, नृत्य, गीत और भाषणों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। हेड बॉय आतिफ हसन ने विदाई भाषण दिया। समारोह में विभिन्न पुरस्कार भी प्रदान किए गए, जिसमें आतिफ हसन को मिस्टर एबीके, विक्रांत चौधरी को स्टूडेंट ऑफ द ईयर, और सरफ़राज अहमद खान को मिस्टर फेयरवेल के खिताब से सम्मानित किया गया।

# बाइक की टक्कर से दो लोगों की मौत

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अलीगढ़।** खैर थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में शिक्षा विभाग से रिटायर्ड पूर्व हेडमास्टर और हरियाणा पुलिस में सिपाही के पद पर तैनात जवान की मौत हो गई। सिपाही ने ही अपनी बाइक से बुजुर्ग पूर्व हेडमास्टर को टक्कर मारी थी।

बाइक की टक्कर के कारण एक ओर जहां बुजुर्ग पूर्व हेडमास्टर घायल हो गए थे। वहीं बाइक से अनियंत्रित होकर हरियाणा पुलिस का सिपाही भी सड़क पर जा गिरा था और उसके भी सिर में गंभीर चोटें आई थी। बुजुर्ग शिक्षक की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि जवान ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। खैर के गांव अंडला के निवासी 70 वर्षीय पूर्व हेडमास्टर हर स्वरूप रावत पुत्र बद्री प्रसाद हर दिन की तरह मंगलवार को अलीगढ़-पलवल मार्ग पर पैदल




दूध लेने के लिए जा रहे थे। इस दौरान पिसावा थाना क्षेत्र के गांव शादीपुर निवासी 40 वर्षीय सिपाही जितेन्द्र कुमार अलीगढ़ की ओर अपने गांव की ओर जा रहे थे, तभी अचानक जितेंद्र अनियंत्रित हो गए और बाइक बुजुर्ग हेडमास्टर से टकरा गई। इस हादसे में दोनों गंभीर घायल हो गए। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने उन्हें संभाला और पुलिस को सूचना दी, लेकिन हर स्वरूप ने थोड़ी देर बाद मौके पर ही दम तोड़ दिया। जबकि जितेंद्र की मौत जेएन मेडिकल कालेज में इलाज के दौरान हुई। जितेन्द्र के परिवार में पत्नी ब्रजेश के साथ दो छोटे बच्चे हैं। वहीं दूसरी ओर बुजुर्ग हर स्वरूप के परिवार में पत्नी विमला और पुत्र ध्रुव है। ध्रुव का विवाह हो चुका है।

## शाकभाजी प्रदर्शनी 21 व 22 फरवरी को

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अलीगढ़।** जिला उद्यान अधिकारी बलजीत सिंह ने अवगत कराया है कि राजकीय औद्योगिक एवं कृषि प्रदर्शनी स्थित नीरज-शहरयार पार्क में दो दिवसीय मण्डल स्तरीय फल, पुष्प एवं शाकभाजी प्रदर्शनी का आयोजन 21 व 22 फरवरी को प्रातः 10 बजे से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी में शाकभाजी, फल एवं पुष्प उत्पादक किसानों एवं उद्यान प्रेमियों द्वारा विभिन्न वर्गों में प्रतिभाग किया जाएगा। उन्होंने मण्डल के सम्मानित कृषकों, औद्यानिक उत्पादकों एवं आमजन से अनुरोध किया है कि प्रदर्शनी में ज्यादा से ज्यादा अपने प्रदर्शन लगाकर प्रतिभाग करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रदर्शनी में प्रदर्शों की एण्ट्री 20 व 21 फरवरी को प्रातः 10 बजे तक की जाएगी।

# एडीएम प्रशासन ने कार्मिकों की तैनाती कर शिविर लगाते हुए आवश्यक कार्यवाही के दिए निर्देश

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अलीगढ़।** अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) पंकज कुमार ने बताया है कि राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-334 अलीगढ़-पलवल सेक्शन के निर्माण एवं चौड़ीकरण में भू-अर्जन से प्रभावित तहसील खैर के 19 ग्रामों कमशः चौधाना, ऐंचना, इतवारपुर, जलालपुर, लक्ष्मनगढ़ी, उदयगढ़ी, बांकनेर, बुलाकीपुर, नगला अस्सू, रेसरी, गनेशपुर, राजपुर, हीरपुरा, उसरह रसूलपुर, खेड़िया बुजुर्ग, रसूलपुर, स्यारौल, हामिदपुर एवं डोरपुरी के भू-स्वामियों को प्रतिकर की धनराशि वितरित की जानी है।

उन्होंने बताया कि भू-अर्जन से प्रभावित उक्त ग्रामों के भू-स्वामियों को प्रतिकर की धनराशि वितरित किए जाने के लिए विभिन्न तिथियों में शिविर आयोजित किए जाने के



लिए कार्मिकों की तैनाती कर दी गई है। उन्होंने बताया कि उसरह रसूलपुर व खेड़िया बुजुर्ग में 20 फरवरी को, रेसरी एवं गनेशपुर में 21 फरवरी को, नगला अस्सू व बांकनेर में 22 फरवरी को, डोरपुरी व स्यारौल में 24 फरवरी को, जलालपुर व इतवारपुर में 25 फरवरी को, हीरपुरा व बुलाकीपुर में 27 फरवरी को, हामिदपुर व रसूलपुर 28 फरवरी को, उदयगढ़ी व ऐंचना में 01 मार्च को, लक्ष्मनगढ़ी व चौधाना में 03 मार्च को और राजपुर में 04 मार्च को शिविर लगाए जाएंगे। एडीएम प्रशासन ने तैनात किए गए क्षेत्रीय लेखपाल, भूमि अध्याप्ति अमीन एवं भूमि अध्याप्ति सहायक को निर्देशित किया है कि प्रतिकर वितरण की कार्यवाही यथाशीघ्र करने के निर्देश दिए।

## निबंध प्रतियोगिता का परिणाम घोषित

**अलीगढ़।** रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया गया। निबंध का विषय महाकुंभ का समाज पर सामाजिक एवं सांस्कृतिक प्रभाव प्रतियोगिता था। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मुस्कान, द्वितीय स्थान कुमकुम शर्मा, तृतीय स्थान रितु शर्मा एवं अंजली सिंह, प्रोत्साहन पल्लवी और नैन्सी वशिष्ठ ने प्राप्त किया। निर्णायक के रूप में प्रो. सीमा कौशिक रही। किसी दिन गांठ एवं बंधन प्रतियोगिता और प्राथमिक चिकित्सा प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्राथमिक चिकित्सा प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मीराबाई टोली द्वितीय स्थान महालक्ष्मी टोली तृतीय स्थान सरस्वती टोली ने प्राप्त किया। गांठ एवं बंधन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रजनी, द्वितीय स्थान शक्ति, तृतीय स्थान नैंसी वशिष्ठ और प्रोत्साहन नेहा सिंह ने प्राप्त किया।

## कावड़ियों की सुरक्षा के दिए गए निर्देश

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में जनपद के समस्त कांवड़ मार्ग पर काँवड़ियों की सुरक्षित यात्रा को लेकर जनपद में चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने हेतु सम्बंधित को दिये गये हैं आवश्यक दिशा-निर्देश। जनपद में कांवड़ियों के लिये सुरक्षा, संवाद, स्वागत तीनों बिन्दुओं पर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। जनपद में लगभग 65 किलोमीटर का कांवड मार्ग है जिस पर भारी मात्रा में पुलिस बल, पीआरवी वाहन, चेतक मोबाइल, थाना मोबाइल आदि लगायी गयी है रास्तें में आवश्यकतानुसार जगह-जगह मोबाइल, स्टैटिक, फोल्डेबल बैरियल लगाकार यातायात व्यवस्था को दुरस्त किया गया है।

# किसान समाधान दिवस कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**फिरोजाबाद।** जिसमे जिला कृषि अधिकारी, जिला कृषि रक्षा अधिकारी, भूमि संरक्षण अधिकारी प्रथम, चतुर्थ, सचिव मण्डी समिति, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई, सहायक निदेशक मत्स्य, जिला उद्यान अधिकारी, जिला सहकारी बैंक, वैज्ञानिक केवीके, प्रतिनिधि एचडीएफसी, सहायक अभियन्ता नलकूप, सहायक अभियन्ता लघुसिंचाई, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी आदि उपस्थिति रहे।

जिला कृषि रक्षा अधिकारी राजेश कुमार द्वारा कृषकों को जायद में बोई जाने वाली फसलों में कीट, बीमारियों के निदान के बारे में बताया गया साथ ही बीज शोधन के पश्चात बीज की बुआई करने का सुझाव दिया। जिला कृषि अधिकारी सुमित कुमार चौहान द्वारा कृषकों बताया




गया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के महत्व एवं राजकीय बीज गोदामों पर उपलब्ध संकर मक्का, संकर बाजरा, मूंग एवं उर्द बीजों की उपलब्धता के बारे में जानकारी दी गयी एवं उर्वरकों का संस्तुत मात्रा व गोवर की कम्पोस्ट खाद, जैव उवरकों का प्रयोग खेतीं में करने की कृषकों को सलाह दी गयी। जिला उद्यान अधिकारी संजीव कुमार वर्मा द्वारा कृषकों बताया गया कि राष्ट्रीय एकीकृत बागवानी मिशन अन्तर्गत केला, अमरूद, ऑवला, किन्नों, फूल गोभी एवं शिमला मिर्च के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी।

अधिशासी अभियन्ता सिंचाई दिनेश सिंह द्वारा नहर प्रणालियों एवं रोस्टर के अनुसार सिंचाई जल आपूर्ति के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। कार्यक्रम के अन्त में उप कृषि निदेशक द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

## खड़ी पिकअप में बाइक टकराने से एक की मौत




**अलीगढ़।** थाना टप्पल क्षेत्र के यमुना एक्सप्रेस वे पर बाइक सवार दो युवक खड़े पिकअप से टकरा गए। घटना में एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि दूसरा घायल है। जनपद मथुरा निवासी दोनों युवक मथुरा से नोएडा शादी में जाने के लिए निकले थे। एक्सप्रेस वे पर एक्सल टूटने के कारण पिकअप सड़क किनारे खड़ा था। सुबह करीब 4 बजे तेज रफ्तार बाइक खड़े पिकअप में टकरा गई जिसके चलते एक युवक की मौत हो गई और दूसरा घायल है। घटना के बाद पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है जबकि घायल का इलाज अस्पताल में चल रहा है।

# बच्चे की उपचार के दौरान 12 दिन बाद मौत

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** इगलास थाना क्षेत्र में गोरई के गांव बासफतेली में कोल्ड ड्रिंक के साथ रायते में डालकर खाने वाला रंग मिलाकर पीने से एक बच्चे की मौत हो गई है। कोल्ड ड्रिंक पीने के बाद ही चारो की हालत खराब हो गई थी और परिवार के लोगों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती करा दिया था। हालत गंभीर होने के कारण एक भाई व एक बहन को जेएन मेडिकल कालेज में रेफर कर दिया गया था।

जबकि बच्चे की 12 दिन नोएडा के अस्पताल में मौत हो गई। इगलास के गांव बासफतेली निवासी सुनील कुमार के परिवार में पत्नी के साथ दो बेटे और दो बेटियां हैं। 6 फरवरी को उनका बेटा शिव कुमार कोल्ड ड्रिंक खरीदकर लाया था और एक भाई तथा दो बहनों के साथ घर में बैठकर पी थी। इस दौरान तीनों ने खेल-खेल में घर में



रखा खाने वाला रंग (रायते में इस्तेमाल डालने वाला) भी कोल्ड ड्रिंक में मिला लिया था। इसके कुछ समय बाद ही सभी की हालत बिगड़ गई थी और उन्हें नजदीक के स्वास्थ्य केंद्र में ले जाया गया था। हालत नाजुक होने के कारण भाई शिवकुमार और दो बहनों रितु व शालू को जेएन मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया था, जहां उनका इलाज चल रहा था। मंगलवार को शिव कुमार की नोएडा के एक अस्पताल में 6मौत हो गई। वहीं दूसरी ओर उसकी दोनों बहनें रितु और शालू का अभी भी इलाज चल रहा है। दोनों मेडिकल कालेज में ही भर्ती हैं जहां उनकी हालते भी गंभीर बनी हुई है।

# अरीबा का निशानेबाजी में कमाल राष्ट्रीय खेल में जीता सिल्वर मेडल

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अलीगढ़।** उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेल में अलीगढ़ की अरीबा खान ने निशानेबाजी (स्कीट) में सिल्वर मेडल पर निशाना साधा। उत्तर प्रदेश से मेडल हासिल करने वाली वह अकेली निशानेबाज रहीं।

अब तक अरीबा अपने निशानेबाजी का शानदार प्रदर्शन करते हुए पिछले 10 वर्षों में 21 अंतरराष्ट्रीय, 12 राष्ट्रीय समेत अन्य चौंपियनशिप में कुल 34 मेडल जीत चुकी हैं। 26 जनवरी 2025 को उन्हें रानी लक्ष्मीबाई पुरस्कार से भी नवाजा गया था। जानकारी देते हुए अरीबा ने बताया कि राष्ट्रीय खेल में सिल्वर मेडल जीतना उनके लिए बड़ी बात है, क्योंकि इसमें



हिंदुस्तान के बेहतरीन 18 निशानेबाज को ही भाग लेने का मौका मिलता है। उन्होंने बताया कि वह ओलंपिक की रोजाना तीन से चार घंटे प्रैक्टिस करती हैं, इसी वजह से उनका निशाना और परफार्मेंस अच्छी रही। उन्होंने कहा कि यही कारण है कि यूपी में सिर्फ मुझे ही सिल्वर मेडल मिला है। उन्होंने कहा कि मेरा लक्ष्य है कि मैं ओलंपिक में गोल्ड मेडल हासिल करके भारत का नाम रोशन करूं।

## बुलेट सवार युवक ने स्टाफ का दिखाया रौब

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अलीगढ़।** सिविल लाइन क्षेत्र के तस्वीर महल पर एक युवक बिना वर्दी के एसपी सिटी को ही स्टाफ का रौब दिखने लगा। दरअसल एसपी सिटी मृगाँक शेखर पाठक मंगलवार रात्रि शहर में बिना वर्दी निरीक्षण कर रहे थे। इस दौरान तस्वीर महल चौराहे पर वह पैदल चल रहे थे और उनके सुरक्षाकर्मी साथ थे। बुलेट बाइक सवार दो युवकों को सुरक्षा कर्मियों ने कई बार रोकने का प्रयास किया लेकिन रुके नहीं। इस दौरान बिना वर्दी के एसपी सिटी ने खुद ही युवकों को रोका तो वह एसपी सिटी को ही स्टाफ का रोक दिखाने लगे। यह देख स्थानीय थाना अध्यक्ष व अन्य पुलिस बल मौके पर आ गया और युवक की करीब 1 घंटे जाँच की है। फिलहाल युवक को एक घंटे की जांच के बाद सख्त हिदायत देते हुए। छोड़ दिया गया है।

# किसानों की समस्याओं का जल्द से जल्द करें निस्तारण: डीएम

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**हापुड़।** जिलाधिकारी श्रीमती प्रेरणा शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में प्रातः 11.00 बजे से किसान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद के विभिन्न क्षेत्रो के कृषको एवं कृषक प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। किसान दिवस में सर्वप्रथम श्री योगेन्द्र कुमार उप कृषि निदेशक हापुड़ द्वारा उपस्थित सभी सम्बन्धित जनपद स्तरीय अधिकारियो एवं कृषक बन्धुओ का स्वागत किया गया।

इसके उपरान्त किसान दिवस की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी। सर्वप्रथम कृषि विज्ञान केन्द्र बाबूगढ़ से उपस्थित वैज्ञानिकों द्वारा फसलो में लगने वाले रोग की रोकथाम के बारे में विस्तृत रूप से उपस्थित कृषको को अवगत कराया तथा स्वास्थ्य संबंधी मोटे अनाज जिसमें फाइबर की मात्रा अधिक मात्रा में पाई जाती हो का सेवन अधिक मात्रा



में करने की सलाह दी तथा पशुपालन विभाग से उपस्थित मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी द्वारा कृषकों को विभागीय योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी।

उप कृषि निदेशक द्वारा गतमाह जनवरी, 2025 के किसान दिवस में प्राप्त शिकायतों से सम्बन्धित निस्तारण आख्या उपस्थित सभी कृषको के समक्ष पढ़कर सुनाई गयी तथा निस्तारण सम्बन्धी विस्तृत विवरण सम्बन्धित अधिकारी द्वारा कृषको को अवगत कराया गया। किसान दिवस में विभिन्न कृषको द्वारा समस्या लिखित रूप से अवगत करायी गयी। किसानों द्वारा जिलाधिकारी महोदय को यह भी अवगत कराया की हमारे द्वारा किसान दिवस में जो भी शिकायतें दी जाती है संबंधित अधिकारी उसके निस्तारण में खाना पूर्ति करते हैं। इस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताते हुए किसान दिवस में उपस्थित सभी अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि किसान दिवस के दौरान किसानों की जो भी समस्याएं आ रही है।

## प्रो. वीणा शक्ति स्वरूपा पुरस्कार से



**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज की पूर्व प्राचार्य और चिकित्सा संकाय की पूर्व डीन, प्रो. वीणा महेश्वरी को चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रतिष्ठित शक्ति स्वरूपा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान साई श्री एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा प्रदान किया गया। उन्हें यह पुरस्कार अलीगढ़ नुमाइश में कृष्णांजलि सभागार में आयोजित एक विशेष समारोह में एसपी सिटी अलीगढ़, श्री मृगांक शेखर पाठक द्वारा प्रदान किया गया।

# राष्ट्रीय ध्वज के प्रयोग, ध्वजारोहण व संप्रदर्शन को लेकर निशा निर्देश जारी

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने बताया कि अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन विभाग उ०प्र० द्वारा भारतीय झण्डा संहिता 2००2 (2०21 एवं 2०22 में यथा संशोधित) व राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम 1971 जो राष्ट्रीय ध्वज के प्रयोग, ध्वजारोहण/संप्रदर्शन को नियंत्रित करते हैं। जो कि गृह मंत्रालय भारत सरकार की वेबसाइट पर भी उपलब्ध हैं। इन अधिनियमों का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिए गए हैं।



उन्होंने बताया कि प्राप्त निर्देशों में अवगत कराया गया है कि भारतीय झंडा संहिता के भाग ०2 के पैरा 2(2) की धारा (1०) के अनुसार जनता द्वारा कागज़ के बने राष्ट्रीय झंडो को महत्वपूर्ण राष्ट्रीय, सांस्कृतिक और खेलकूद के अवसरों पर हाथ में लेकर हिलाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि महत्वपूर्ण राष्ट्रीय, सांस्कृतिक और खेलकूद के अवसरों पर जनता द्वारा प्रयोग किये हुए कागज़ के बने राष्ट्रीय झंडो को समारोह के पूरा होने के पश्चात न तो विकृत किया जाए और न ही जमीन पर फेंका जाए। ऐसे झंडों का निपटान उनकी मर्यादा के अनुरूप एकान्त में किया जाए। उन्होंने बताया कि भारत का राष्ट्रीय ध्वज हाथ से काते गए और हाथ से बुने हुए या मशीन द्वारा निर्मित, सूती/पॉलिएस्टर/ऊनी/सिल्क/खादी के कपडे से बनाया गया हो। जहाँ झंडे का प्रदर्शन खुले में किया जाता है या जनता के किसी व्यक्ति द्वारा घर पर प्रदर्शित किया जाता है, वहां उसे दिन एवं रात में फहराया जा सकता है। राष्ट्रीय झंडे का आकार आयताकार होगा। यह किसी भी आकार का हो सकता है परन्तु झंडे की लम्बाई ओर ऊंचाई (चौडाई) का 3 अनुपात 2 होगा। उन्होंने बताया कि जब कभी राष्ट्रीय झंडा फहराया जाये तो उसकी स्थिति सम्मानजनक और पृथक होनी चाहिए। फटा हुआ और मैला-कुचौला झंडा प्रदर्शित नहीं किया जाये। संहिता के भाग ०3 की धारा ०9 में उल्लखित गणमान्यो जैसे राष्ट्रपति, उप-राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल आदि के सिवाय झंडे को किसी वाहन पर नहीं फहराया जायेगा।

## प्रयोगात्मक परीक्षा की तिथि घोषित

**बदायूं।** आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय बदायूं में विभिन्न विषयों की प्रयोगात्मक परीक्षा एवं वायवा की तिथि घोषित कर दी गई है। बीए पंचम सेमेस्टर अर्थशास्त्र की मौखिकी परीक्षा 19 फरवरी को प्रातः 11 बजे से होगी शेष सभी परीक्षाएं 2० फरवरी को संपन्न होंगी। उक्त सूचना देते हुए कॉलेज के मीडिया प्रभारी डॉ राकेश कुमार जायसवाल ने बताया है कि बीए प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर शारीरिक शिक्षा विषय के छात्र छात्राओं की प्रयोगात्मक परीक्षा 2० फरवरी को प्रातः 1० बजे से होगी।

## सार-संक्षेप

### एफपीओ एवं उनके सहायक एग्रीगेटरों को यंत्रों पर अनुदान पाने की चयन प्रक्रिया संपन्न

**बदायूं।** जैव ऊर्जा नीति 2०22 अंतर्गत प्रदेश में स्थापित सीबीजी प्लान्ट तथा अन्य बायोमॉस आधारित संबंधित इकाईयों को फसल अवशेष उपलब्ध कराये जाने हेतु इन-सीटू एवं एसएमएएम योजनान्तर्गत जनपद बदायूँ में प्राप्त ०2 लक्ष्यों के सापेक्ष एफपीओ एवं उनके सदस्य कृषकों को एग्रीगेटर के रूप में अनुदान पर कृषि यंत्र उपलब्ध कराये जाने हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव की अध्यक्षता में गठित जिलास्तरीय समिति के द्वारा मैक लखनपुर एग्रो प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड, ग्राम लखनपुर, विकास खण्ड जगत एवं म्याऊँ फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड, ग्राम नबीगंज, विकास खण्ड म्याऊँ एवं उनके कृषक सदस्य एग्रीगेटरों का चयन किया गया। समिति के सदस्यों में मुख्य विकास अधिकारी, उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, परियोजना अधिकारी यूपी नेडा, एचपीसीएल सैंजनी, दातागंज के प्रतिनिधि एवं अग्रणी बैंक प्रबधक के प्रतिनिधियों के अतिरिक्त वरिष्ठ कोषाधिकारी उपस्थित रहे।

### युवा समाज को जागृत करें, तभी बदलेगी देश की तस्वीर



**उझानी।** संविलयन विद्यालय सिकंद्राबाद में भारत स्काउट गाइड संस्था के तत्वावधान में चल रहे त्रिदिवसीय स्काउट गाइड शिविर का सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ समापन हो गया। स्काउट गाइड ने तंबुओं का शहर बसाकर सुंदर गेट, टावर और रंगोली सजाई। जय श्रीराम और मीराबाई टोली ओवर आल चौंपियन रही।

मुख्य अतिथि थाना मुजरिया सब इंस्पेक्टर प्रवीण कुमार चौहान और बच्चू सिंह ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ कराया। उन्होंने कहा कि युवा समाज को जाग्रत करें। तभी देश की तस्वीर बदलेगी और संस्कृति का उत्थान होगा। पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि युवाओं के शब्दकोश में असंभव शब्द नहीं, शक्ति और अदम्य साहस अपनी मंजिल को पाएं। राजकीय हाईस्कूल सिकंद्राबाद की उप प्रधानाचार्य अंजू ने कहा कि श्रेष्ठ ज्ञान से व्यक्तित्व निखरता है। पवित्रता आती है। एआरपी सहसवान राजन यादव ने कहा कि युवा दिग्भ्रमित न हों, श्रेष्ठ ज्ञान अर्जित कर राष्ट्र के लिए उपयोगी बनें।

स्काउट वर्ग में जय श्री राम टोली प्रथम, श्रीकृष्णा टोली द्वितीय, वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप टोली तृतीय रही। जबकि गार्ड वर्ग में मीराबाई कंपनी प्रथम, लक्ष्मीबाई कंपनी द्वितीय, मां दुर्गा कंपनी तृतीय स्थान पर रही। भारत माता कंपनी और मां सरस्वती कंपनी को सांत्वना पुरस्कार मिला। जिला व्यायाम शिक्षिका ज्योति सक्सेना, आमिर फारूक और राजवीर तरंग निर्णायक रहे। शिक्षिका रुचि वर्मा, शशि वर्मा, सरोज राजपूत के नेतृत्व में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि प्रवीण कुमार चौहान, शिक्षक वेद प्रकाश पाल, मनोज कुमार ने बच्चों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। प्रधानाध्यापक खचेरमल ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर शिक्षक रामावतार, अभिषेक शर्मा, करणपाल, कपिल देव, अरुण कुमार आदि मौजूद रहे।

### निजी प्रेक्टिस करने वाले सरकारी चिकित्सकों पर होगी कार्रवाई

**बदायूं।** जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने कलेक्ट्रेट स्थित सभाकक्ष में सरकारी चिकित्सकों के निजी प्रेक्टिस ना करने के संबंध में आहूत समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि जिन सरकारी चिकित्सकों को नॉन प्रैक्टिस अलाउंस मिल रहा है, वह निजी प्रैक्टिस नहीं कर सकते हैं। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को जिन सरकारी चिकित्सकों को एनपीए मिल रहा है उसकी सूची उपलब्ध कराने के लिए कहा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ० रामेश्वर मिश्रा ने कहा कि जिला पुरुष चिकित्सालय, जिला महिला चिकित्सालय, राजकीय मेडिकल कॉलेज में कार्यरत व अन्य सरकारी चिकित्सक जो नॉन प्रैक्टिस अलाउंस (एनपीए) ले रहे हैं, वह निजी प्रैक्टिस नहीं कर सकते हैं।

# 2० किलो गाजा के साथ ०6 अभियुक्त गिरफ्तार

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**कारचौक।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूं डॉ० बृजेश कुमार सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे मादक पदार्थ की बिक्री एवं तस्करी की रोकथाम के लिए अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध गिरफ्तारी अभियान के अन्तर्गत थाना कादरचौक पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चौकिंग के दौरान एक अर्टिका गाडी के अन्दर बैठे ०6 नफर अभियुक्तगण आलिम पुत्र विदरीश निवासी ग्राम आसपुर थाना अलापुर जनपद बदायूँ, टिन्कू पुत्र सिपट्टर निवासी ग्राम चन्दीनगला थाना अलापुर जनपद बदायूँ, मुकर्रम पुत्र नन्हे निवासी ग्राम मसूदपुरा थाना उसहैत जनपद बदायूँ, शिवानी नाईक उर्फ सुमिता नाइक पुत्री सुभाष नाईक उर्फराहुल नाइक निवासी ग्राम वैंगी पानी थाना मथली जिला मलकान गिरि (राज्य उडीसा), गीता जानी पुत्री घासीराम निवासी ग्राम निगुरी थाना सिमली कुडा जिला कोटापुर (राज्य उडीसा), रिया नाईक उर्फ ज्योति नाइक पुत्री सुरेश उर्फराजेन्द्र नाईक निवासी ग्राम वैंगी पानी थाना मथली जिला मलकान गिरि (राज्य उडीसा) के कब्जे से 2० कि० ग्रा० गांजा बरामद किया गया।



# वजीरगंज कस्बे के लोग कर रहे है बाईपास निर्माण की मांग, जाम से कस्बे के लोग हो रहे परेशान

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**वजीरगंज।** नगर पंचायत वजीरगंज के कस्वे की मैन वाजार से वदायूं चंदौसी हाइवे गुजर रहा है जहा दिन मे रोज जाम की स्थिति रहती कभी कभी घंटो वाहन जाम मे फसे रहते है कस्वे के मैन बाजार मे हाइवे पर स्कूल वैक मैरिज होम पुलिस थाना ब्लाक मुख्यालय तथा वाजार है जहा से हजारो राहगीर गुजरते है कभी कभी वडे बहानो से ऐसा जाम लगता है एम्बूलेंस तथा स्कूली बच्चो की वस फंस जाती है वां मुशकिल पुलिस को व्यवस्था बनानी पडती है शिक्षक तथा समाजिक कार्यकर्ता अनुज सक्सैना का कहना कि कस्वा वजीरगंज मे वनकोटा गंगा एक्सप्रेस से सैदपुर तक कस्वे के वाहर से वाईपास बनना चाहिए जिससे स्कूली बच्चो को जाम से निजात मिले, सामाजिक कार्यकर्ता रोहित वंधीधर का कहना कि बदायू चंदौसी हाइवे कस्वे से गुजरने से हाइवे पर मार्केट से ग्राहको को खरीददारी करने मे बहुत दिक्कत होती अगर खरीददारी करते समय वाहन खडा कर दिया तो तुरन्त जाम लग जाता है योगी सरकार से नगर वजीरगंज के लिए हम वाईपास की मांग करते है







वहीं कस्वा निवासी अजयपाल सिंह विटटन पहलवान का कहना कि कस्वे के मैन हाइवे पर कई मैरिज होम होने से रात मे भी कभी कभी जाम की समस्या रहती है और घटना घटने की सम्भावना रहती है अब तो गंगा एक्सप्रेस वन कर तैयार हो रहा है तो और भी भारी वहानों का आगमन रहेगा, सरकार से हम कस्वे के लोग वजीरगंज कस्वे के वाहर वाईपास की मांग करते है। व्यापारी दीपक प्रधान कहते है कि कस्वा वजीरगंज के लिए वाईपास की बहुत जरूरत और अनिवार्य है गाडियो से सामान आता है तो दूर खडी करके उतारना पडता है जिससे आर्थिक नुकसान होता है हम कस्वे के व्यापारी भाजपा सरकार से जनप्रतिनिधियो से कस्वे मे जल्द वाईपास वनाने की मांग करते है।

# सीडीओ की अध्यक्षता में हुआ किसान दिवस का आयोजन

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को विकास भवन सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। उप कृषि निदेशक ने फार्मर रजिस्ट्री के बारे में बताया कि 31 मार्च 2०25 तक कृषक फार्मर रजिस्ट्री अपने नजदीकी जनसेवा केन्द्र से करा सकते है, जो कृषक फार्मर रजिस्ट्री नहीं करायेगें उन्हें पीएम किसान सम्मान निधि योजना एवं अन्य योजनाओं का लाभ नही मिलेगा।




अमरीश पटेल निवासी ग्राम आमगॉव, द्वारा गन्ना के भुगतान की जानकारी चाही जिस सम्बन्ध में सहायक गन्ना समिति सचिव द्वारा बताया गया कि यदु शुगर मिल बिसौली द्वारा 4 दिसम्बर एवं शेखूपुर चीनी मिल द्वारा 28 दिसम्बर 2०25 तक का भुगतान कर दिया गया है आगे का गन्ना भुगतान नियामानुसार किया जा रहा है। भारतीय किसान यूनियन मण्डल सचिव श्री बदन सिंह ग्राम उतरना द्वारा उर्वरक के सम्बन्ध में यह जानकारी चाही गई यदि कोई कृषक भाई एक बैग खाद खरीदता है तो केन्द्र प्रभारी द्वारा खतौनी मॉगी जाती है जिसपर जिला कृषि अधिकारी द्वारा बताया कि एक बैग पर कृषक भाई अपनी कृषि भूमि खतौनी का गाटा संख्या बताकर खाद खरीद सकते है जनपद के सभी खाद विक्रेताओं को इस सम्बन्ध में सूचित कर दिया गया है जिला कृषि अधिकारी द्वारा कृषकों को यह भी बताया गया कि जनपद के समस्त राजकीय कृषि बीज भण्डारों पर मक्का का बीज उपलब्ध है जो किसान भाई मक्का का बीज लेना चहाते है वह पूरे मूल्य पर खरीद सकते है मक्का संकर प्रजाति मूल्य का 5० प्रतिशत अनुदान कृषकों के बैक खाते में हस्तांतरित कर दिया जायेगा, अन्य अधिकारियों द्वारा भी कृषकों को जानकारी उपलब्ध करायी गई। मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा किसान दिवस में उपस्थित समस्त अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु आदेशित किया। इस अवसर पर बैक, कृषि, ऊर्जा, सिंचाई, मत्स्य, नलकूप, गन्ना एवं उद्यान सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में सड़क किनारे गेंहू के खेत में पड़ा मिला अधेड़ का शव

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**उघैती (बदायूं)।** ननिहाल की कहकर घर से निकले अधेड़ का शव संदिग्ध परिस्थितियों में सड़क किनारे गेहू के खेत में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव मिलने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी गई। उघैती थाना क्षेत्र के करियामई गांव के पास सड़क किनारे विनय कुमार के गेंहू के खेत में एक अधेड़ का शव पड़ा हुआ देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। शव पड़ा होने की सूचना से ग्रामीणों का भारी भीड़ जमा हो गई। मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त के लिए जमा तलाशी ली। मृतक की जेब से कुछ सिक्के डायरी व आधार कार्ड मिला। आधार कार्ड से पुलिस ने मृतक की पहचान छेदा लाल पुत्र नौवत सिंह (6०)निवासी ढाढौल जनपद संभल के रूप हुई। पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के छोटे भाई वेदराम ने बताया उनके भाई छेद लाल मंगलवार को शाम 5 बजे के करीब घर से करियामई ननिहाल जाने की कह कर गए हुए थे, लेकिन देर रात करियामई नहीं पहुचे।अधेड़ की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इस संबंध में थाना प्रभारी कमलेश कुमार मिश्रा ने बताया संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिला था। पंचायतनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जांच पड़ताल जा रही है।



# चकबंदी के कार्यों में सभी ग्रामवासी करें सहयोग

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी ने चकबंदी विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि चकबंदी के कार्यों में सभी ग्रामवासी सहयोग करें। उन्होंने कहा कि जो भी चकबंदी कार्य कराए जा रहे हैं वह जनहित को सर्वोपरि मानकर कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो टीम गांव का दौरा कर रही है उसको उनका कार्य सुगमता से करने दिया जाए। किसी भी प्रकार का अप्रसांगिक विरोध नहीं होना चाहिए। उन्होंने प्राप्त चक आपत्तियों का गुणवत्तापरक निस्तारण करने के लिए कहा।

कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में बुधवार को चकबंदी विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि अधिकारियों के लिए जो रोस्टर बनाया गया है वह उसी के अनुसार ग्रामों का दौरा करें। उन्होंने कब्जा परिवर्तन के स्तर की समीक्षा करते हुए कृषकों से वार्ता व सहमति से सीमांकन कार्य प्रारंभ करने के लिए कहा। उन्होंने चकबंदी के विभिन्न प्रारूप की समीक्षा की।

उन्होंने आईजीआरएस प्रकरणों की समीक्षा की। सेवानिवृत कर्मचारियों के अवशेष पर चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए वहीं आडिट आपत्तियों का निस्तारण प्राथमिकता पर करने के लिए कहा। उन्होंने विभिन्न चकबन्दी न्यायालयों में विचाराधीन वादों में से पुराने वादों को प्राथमिकता पर निस्तारित करने के लिए कहा। बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी ने बताया कि 1० वर्ष से अधिक समय से लंबित चकबंदी के ०9 ग्राम है। इस अवसर पर बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी, चकबन्दी अधिकारी व सहायक चकबन्दी अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# एडीजे शिवकुमारी बोलीं- किसी भी शोषण को मौन रह कर स्वीकार न करें

## विधान से समाधान के तहत विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं राष्ट्रीय महिला आयोग के संयुक्त तत्वाधान में एवं उप्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुक्रम में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायू के निर्देशानुपालन में जिला विधिक स प्राधिकरण को महिलाओं के हितार्थ विधिक जागरूकता कार्य विधान से समाधान के अन्तर्गत विधिक साक्षरता/ जागरूकता शिविर का आयोजन विकाराव वजीरगंज, जनपद बदायू में आयोजित किया गया।

शिविर का शुभारम्भ अपर जिला जज/ सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिव कुमारी, की आध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारण में एलएडीसीएस/जिवि से.प्रा., बदायूं की असिस्टेन्ट कशिश सक्सेना, द्वारा अपन वक्तव्य में कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओं के विधिक अधिकारों से सम्बन्धित एवं 3 कानूनों के बारे में एवं धारा 12 के बारे में महिलाओं को घरेलू हिंसा से सम्बन्धित व एससी/एसटी एवं किसी भी जाति की महिला एवं बच्चों आदि कैटागिरी जो पात्रता की श्रेणी में आते हैं उनको निःशुल्क अधिवक्ता भी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बदायूं से दिये जाते है साथ ही नालसा स्कीम पर व महिलाओं के साथ हो रहे विभिन्न प्रकार के अत्याचारों के उन्मूलन से सम्बन्धित भी विस्तार पूर्वक जानकरी प्रदान की गयी। नायब तहसीलदार तहसील बिसौली, बदायूं, सुरजन यादव, द्वारा अपने वक्तव्य में कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं का उनके विधिक अधिकारों एवं सरकार द्वारा चलायी जा रहीं विभिन्न प्रकार की योजनाओं व दिघवा पेशन, वृद्धा पेंशन, विकलांग पेशन, मुख्यमन्त्री विवाह योजना से सम्बन्धित विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की गयी। प्रभारी चिकित्साधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र वजीरगंज, बदायू, डा० सलमान अन्जुम द्वारा अपने वक्तव्य में कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को जागरूक करते हुए एबुलेंस के लिए टोल फ्री नम्बर 1०8 है इस नम्बर पर आपातकालीन स्थिति में 24 घटे शुल्क सहायता का लाभ प्राप्त कर सकते हैं, महिला सशक्तीकरण के वारे में विस्तार पूर्वक बताया गया।




शिविर के अन्त में अपर जिला जज / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायू शिव कुमारी द्वारा अपने वक्तव्य में बताया कि उक्त विधिक जागरूकता कार्यक्रम विधान से समाधान के अन्तर्गत महिलाओं की शिकायतों के समाधान हेतु जिला विधिक सेव प्राधिकरण द्वारा निःशुल्क विधिक सेवायें प्रदान की जाती है, यदि किसी प्रकार महिलाओं अधिकारी का उल्लघन होता है तो वह अपने शिकायती प्रार्थना पत्र कार्यालय जिला विधिक सेवाप्राधिकरण, बदायूं एवं सम्बन्धित थाना में निःसंकोच केस दर्ज करा सकती है।

## संपादकीय

## भगदड़ की घटनाओं से त्रस्त भारत



भारत सबसे बड़ी आबादी वाला देश है, लेकिन इसका यह मतलब नहीं होना चाहिए कि यहां के लोग भीड़ वाले स्थानों में बदइंतजामी के कारण रह-रह कर मरते रहें। दुर्भाग्य से ऐसा ही हो रहा है। बीते दिनों नई दिल्ली रेलवे स्टेशन में प्लेटफार्म पर भगदड़ मचने से 18 लोग मारे गए और एक दर्जन से अधिक घायल हो गए।

इनमें अधिकांश वे थे, जो प्रयागराज जाने के लिए आए थे। इसके पहले महाकुंभ में भी मौनी अमावस्या के मौके पर भगदड़ मचने से 30 लोग मारे गए थे। भगदड़ वहीं मचती है, जहां भीड़ के साथ अव्यवस्था भी होती है और भीड़ नियंत्रण के उपाय नाकाफी या नदारद होते हैं। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भारी भीड़ थी, लेकिन भीड़ नियंत्रण के उपाय नदारद थे। रेलवे की ओर से कितना भी कहा जाए कि ऐसा नहीं था, लेकिन सच यही है कि इसकी परवाह नहीं की गई कि रेल यात्री सुरक्षित और सुगम तरीके से यात्रा कर सकें। इसकी पुष्टि भगदड़ में मौतों के बाद रेलवे की ओर से किए गए इन उपायों से होती है कि अब प्रयागराज जाने वाली ट्रेनें निर्धारित प्लेटफार्म से जाएंगी, यात्रियों के लिए होल्डिंग एरिया बनाए जाएंगे और इतनी से इतनी अवधि के बीच प्लेटफार्म टिकट नहीं दिए जाएंगे। इससे क्या साबित होता है। केवल यही कि हादसे के बाद होश आया। यदि ये सारे उपाय पहले कर लिए जाते तो 18 जिंदगियों को असमय काल के गाल में जाने से बचाया जा सकता था। देश की राजधानी में प्रमुखतम रेलवे स्टेशन पर भीड़ नियंत्रण के उपायों की अनदेखी और उसके चलते 18 यात्रियों की मौत से भी खराब बात यह रही कि हादसे के बाद अधिकारी भगदड़ मचने और उसमें यात्रियों के मारे जाने-घायल होने की बात छिपाने के जतन करते रहे।

अभी तक उनके खिलाफकिसी तरह की कार्रवाई की सूचना नहीं है। इसी कारण इस पर यकीन करना कठिन है कि जांच सही तरह होगी और लापरवाह अधिकारी दंड के पात्र बनेंगे। महाकुंभ में भगदड़ से 30 श्रद्धालुओं की मौत की भी जांच हो रही है। जांच पुलिस भी कर रही है और न्यायिक आयोग भी। पता नहीं कि इन दोनों जांच से क्या सामने आएगा, लेकिन इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि महाकुंभ में भगदड़ के करीब 15 घंटे बाद यह बताया गया कि 30 श्रद्धालुओं की मौत हुई है। इसके उपरांत मृतकों की सूची और मृत्यु प्रमाणपत्र देने में भी देरी की खबरें आईं। इसके चलते विपक्षी नेताओं को यह आरोप लगाने का अवसर मिला कि महाकुंभ में भगदड़ से हुई मौतों का सही आंकड़ा छिपाया जा रहा है। अपने देश में यह सदैव देखने को मिलता है कि सरकारी अधिकारी पहले तो किसी घटना-दुर्घटना की गंभीरता कम करके बताते हैं और फिर उसमें मारे गए लोगों का विवरण देने में। यह हमारी नौकरशाही की वह विचित्र प्रवृत्ति है, जो दूर होने का नाम नहीं ले रही है। इसी कारण उन जांच पर भी भरोसा नहीं होता, जिनमें अधिकारी ही अधिकारी की जांच करते हैं। जब भी कहीं भीड़ भरे स्थलों में कोई हादसा होता है और उसमें लोग मारे जाते हैं तो घटना की जांच करने-कराने वालों से यही सुनने को मिलता है कि इस पर भी ध्यान दिया जाएगा कि भविष्य में इस तरह के हादसों को कैसे रोका जाए? ऐसा केवल सुनने को ही मिलता है, क्योंकि बार-बार वैसे ही हादसे होते रहते हैं, जैसे पहले हो चुके होते हैं। कभी-कभी तो उन्हीं स्थलों पर हो जाते हैं, जहां पहले हो चुके होते हैं। इसका उदाहरण कुंभ भी है और नई दिल्ली रेलवे स्टेशन भी। भगदड़ की घटनाओं में जब लोग मारे जाते हैं तो केवल जनहानि ही नहीं होती, बल्कि देश की बदनामी भी होती है। एक ऐसे समय जब देश को विकसित राष्ट्र बनाने की बातों के साथ इसके लिए प्रयत्न भी हो रहे हैं, तब फिर सार्वजनिक स्थलों में भीड़ नियंत्रण के उपाय प्राथमिकता के आधार पर किए जाने चाहिए। हमारे नीति-नियंता इन उपायों से अनभिज्ञ नहीं और सच तो यह है कि भीड़ नियंत्रण के नियम-कानून भी बने हुए हैं, लेकिन उनका पालन मुश्किल से होता है। अपने यहां नियम-कानूनों के उल्लंघन की प्रवृत्ति भी देखने को मिलती है, लेकिन इसका कारण केवल यह नहीं कि लोगों को उनकी परवाह नहीं होती, बल्कि यह भी है कि शासन-प्रशासन के स्तर पर उनके अनुपालन पर जोर नहीं दिया जाता।

# विदेश में नौकरी के सुहाने सपने, ट्रैवल एजेंटों की ठगी का शिकार बन रहे युवा

इससे उत्साहित नहीं हुआ जा सकता कि पंजाब में युवाओं को सुहाने सपने दिखाकर और मोटा पैसा लेकर अवैध तरीके से विदेश भेजने वालों के खिलाफ मामले दर्ज करने शुरू कर दिए गए हैं, क्योंकि लगता यही है कि अमेरिका की ओर से अपने यहां अनुचित तरीके से प्रवेश करने वालों को वापस भेजने से जो शर्मिंदगी उठानी पड़ रही है, उससे बचने के लिए ही यह कार्रवाई की जा रही है।

पंजाब में युवाओं को अवैध तरीके से विदेश भेजने वाले बीते कई वर्षों से सक्रिय हैं, लेकिन कोई नहीं जानता कि इसके पहले उनके खिलाफ कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई। ऐसा भी नहीं है कि यह किसी से छिपा हो कि हमारे युवा अवैध तरीके से विदेश भेजने वाले ट्रैवल एजेंटों की ठगी का शिकार बन रहे हैं। यह बार-बार सामने आ रहा था कि पंजाब, हरियाणा और गुजरात में युवाओं को अवैध तरीकों से पश्चिमी देशों में भेजने



वाले तथाकथित ट्रैवल एजेंट बेलगाम होकर अपना काम कर रहे हैं, लेकिन न तो इन राज्यों की सरकारों ने उन पर कोई शिकंजा कसा और न ही केंद्र सरकार ने इसकी चिंता की कि ऐसे तत्वों पर लगाम लगे।

यदि अमेरिका अपने यहां अवैध तरीके से घुसे लोगों को हथकड़ी-बेड़ी लगाकर वापस नहीं भेजता तो शायद अभी भी सरकारों की नींद टूटने वाली नहीं थी। यह ठीक है कि अमेरिका से अवैध प्रवासियों की वापसी का सिलसिला कायम होने के बाद केंद्र सरकार इसके उपाय करने जा रही है कि दूसरे देशों में नौकरी के इच्छुक युवा वहां जाने के लिए अवैध तौर-तरीके न अपनाएं, लेकिन सच तो यह है कि वह भी इस बारे में समय रहते सक्रिय नहीं हो सकें। कम से कम अब तो उसे गंभीरता दिखानी ही चाहिए, क्योंकि अवैध प्रवासी देश की बदनामी का कारण भी बन रहे हैं। देखना है कि कौशल विकास मंत्रालय युवाओं को विधिवत ढंग से विदेश भेजने और उनके वहां रोजगार के अवसर भुनाने में समर्थ बनने के लिए जो प्रयास करने जा रहा है, उसमें उसे कितनी सफलता मिलती है।

यह प्रश्न इसलिए, क्योंकि तमाम संभावनाओं के बाद भी अभी तक इस दिशा में समुचित कदम नहीं उठाए गए। हाल के समय में यह बार-बार सामने आता रहा है कि विदेश में भारतीय युवाओं के लिए रोजगार के अनेक अवसर बन रहे हैं, लेकिन इन अवसरों को भुनाने के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठाए गए। कम से कम अब तो ऐसा किया ही जाना चाहिए। इसमें सफलता तब मिलेगी, जब हमारे दूतावास और उच्चायोग यह देखेंगे कि भारतीय युवाओं के लिए किस देश में रोजगार के कैसे मौके हैं।

# बढ़ानी होगी सरकारी खर्च की गुणवत्ता, तभी बढ़ेंगी अर्थव्यवस्था की क्षमताएं

अमेरिका पर दुनिया भर के तमाम मामलों मे दखलंदाजी के आरोप लगते रहे हैं। बीते दिनों बांग्लादेश में हुए तख्तापलट के पीछे भी अमेरिकी हस्तक्षेप की बातें सामने आईं। भारत में भी चुनावों एवं मतदान प्रक्रिया को प्रभावित करने के मामले में बड़ी रकम दांव पर लगाने की बात सामने आई है।

अपने ऐसे अभियानों को सफल बनाने से लिए अमेरिका को बड़ी रकम खर्च करनी पड़ती है। यह रकम मुख्य रूप से सरकारी खजाने से आती है। इसलिए कोई हैरानी की बात नहीं कि इस सरकारी फिजूलखर्ची पर रोक लगाने के पक्ष में वहां तमाम आवाजें बुलंद हो रही हैं। इसी सिलसिले में ट्रंप प्रशासन एलन मस्क की अगुआई में डिपार्टमेंट आफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी (डीओजीई) यानी सरकारी दक्षता विभाग के जरिये बड़ी उम्मीदें लगाए हुए है। इसमें अनावश्यक नौकरशाही के आकार को घटाने से लेकर फिजूलखर्च रोकने के उपाय तलाशे जाएंगे। डीओजीई की इस पहल ने दुनिया भर में सरकारी मशीनरी के दायरे को लेकर नए सिरे से सवाल खड़े कर दिए हैं। भारत भी ऐसे सवालों से अछूता नहीं है, लेकिन अगर इस पर गहराई से विचार करें तो क्या भारत में सरकारी खर्च को घटाया जाना आवश्यक है। इसका जवाब है-नहीं। आंकड़े स्वयं इसकी पुष्टि करते हैं। अगर वर्ष 2022 के दौरान भारत में सरकारी खर्च का आंकड़ा देखें तो यह जीडीपी का 28.62 प्रतिशत रहा। यह चीन ब्राजील (46.38 प्रतिशत), अमेरिका (36.2 प्रतिशत) और फ्रांस (58.32 प्रतिशत) जैसे देशों की तुलना में काफी कम है।

ऐसे में आवश्यकता सरकारी खर्च को घटाने की नहीं, बल्कि उसे प्रभावी रूप से खर्च करने की है। पूंजीगत व्यय में सड़क और राजमार्गों को ही लें तो उन पर किया जाने वाला खर्च बहुत गुणात्मक प्रभाव वाला होता है। इसे इस उदाहरण से समझा जा सकता है कि सड़कों पर किया जाने वाला एक रुपये का खर्च समग्र अर्थव्यवस्था में ढाई रुपये के



बराबर लाभ दिलाने वाला होता है।

इससे कनेक्टिविटी की स्थिति सुधरती है। परिवहन लागत घटती है और उत्पादकता में वृद्धि होती है। हालांकि यह गुणात्मक प्रभाव पूरी तरह इसी पर निर्भर करता है कि उसे कितनी ईमानदारी एवं पारदर्शिता के साथ खर्च किया जाता है, क्योंकि यदि उसमें हीलाहवाली की जाती है तो फिर उसके अपेक्षित लाभ प्राप्त होने से रहे। हालांकि पिछले एक दशक में सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि बुनियादी ढांचे में न केवल मात्रात्मक, बल्कि गुणात्मक रूप से भी सुधार हो। इसके बावजूद, यह पूरी प्रक्रिया अभी प्रगति में ही है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि केंद्रीय और राज्य स्तर पर लोक निर्माण के सभी कार्य गुणवत्ता से परिपूर्ण हों।

डीओजीई को लेकर भारत के दृष्टिकोण से यह पहलू अधिक महत्वपूर्ण है कि नियामकीय स्तर पर सुगमता कैसे स्थापित की जाए। ये नियामकीय बाधाएं ही आर्थिक वृद्धि में अवरोध बनती हैं। भारत के मामले में तो यह कोई दबी-छिपी बात नहीं है। हालांकि पिछले एक दशक में सरकार ने नियामकीय बाधाओं को दूर करते हुए उन्हें सुसंगत बनाने के हरसंभव प्रयास किए हैं। इससे कारोबारी सुगमता बढ़ी है, जो ईज आफ डूइंग बिजनेस रैंकिंग में भारत की ऊंची छलांग में भी झलकती है। फिर भी इस दिशा में बहुत किया जाना अभी शेष है। इन्हीं प्रयासों को और विस्तार देते हुए सरकार ने जन विश्वास अधिनियम, 2023 पारित कराया है। इस कानून के जरिये कई पुरातन प्रविधानों को आपराधिक दायरे से मुक्त किया गया है।

इसी सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए सरकार इस विधेयक के नए स्वरूप को आगे बढ़ाने की तैयारी कर रही है, जिसका लक्ष्य नियमन के पहलुओं को तार्किक बनाते हुए व्यापक कारोबार हितैषी परिवेश तैयार करना है। एक फरवरी को पेश हुए केंद्रीय बजट में नियामकीय तालमेल बेहतर बनाने के लिए एक उच्चस्तरीय समिति के गठन की घोषणा भी हुई है। इससे आर्थिक वृद्धि को गति मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बीते दिनों अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ मुलाकात में नियामकीय सुगमता एवं आर्थिक सुधारों के प्रति भारत की प्रतिबद्धताओं को पुनरू रेखांकित भी किया। अब सभी की नजरें उच्चस्तरीय समिति पर टिकी हैं। इस समिति को आखिर क्या करना चाहिए?

वैसे तो अभी तक न तो इस समिति का औपचारिक खाका सामने रखा गया है और न ही उसके स्वरूप एवं सदस्यों के विषय में कुछ बताया गया है। ऐसे में, उसके लिए कुछ बिंदुओं को सामने रखना उपयोगी होगा कि उसे किन पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। समिति को किस्तों में सुधार के बजाय निरंतर रूप से साहसिक सुधारों की दिशा में आगे बढ़ना होगा। सबसे पहले तो उसे नियामकीय मोर्चे पर कायम विसंगतियों एवं विरोधाभासों को दूर करना होगा। ऐसे कानून बनाने होंगे जो उद्यमों के अनुकूल हों। दांडिक प्रविधानों को सीमित करना होगा। संसदीय गतिरोधों का तोड़ निकालकर प्रक्रियाओं को गति देने वाले तौर-तरीके तलाशने होंगे। पुराने कानूनों को अनिश्चितकाल तक कायम रखने के बजाय सनसेट क्लाज का सहारा उपयोगी होगा।

## खेल-खिलाड़ी

# ऑस्ट्रेलिया के स्पिनर कुहनेमन के गेंदबाजी एक्शन का हुआ टेस्ट

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के स्पिनर मैट कुहनेमन का आईसीसी के विशेषज्ञ की निगरानी में गेंदबाजी एक्शन का टेस्ट हो गया है और इस बारे में फैसला अगले सप्ताह तक हो सकता है। ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के स्पिनर कुहनेमन उस वक्त मुश्किल में घिर गए थे जब हाल ही में श्रीलंका के खिलाफ खेली गई दो मैचों की टेस्ट सीरीज के दौरान अंपायरों ने उनके गेंदबाजी एक्शन की शिकायत की थी। कुहनेमन ने श्रीलंका के खिलाफ सीरीज में अच्छा प्रदर्शन किया था और 16 विकेट लिए थे जिससे ऑस्ट्रेलिया ने यह सीरीज 2-0 से अपने नाम की थी। कुहनेमन ने दूसरे टेस्ट मैच में सात विकेट लिए थे, लेकिन अंपायर ने मैच के बाद उनके गेंदबाजी एक्शन की शिकायत की थी। 28 वर्षीय इस गेंदबाज ने आईसीसी के विशेषज्ञों के सामने करीब एक घंटे तक गेंदबाजी की। इस स्पिनर को एक उसी गति और विविधता से गेंदबाजी करने कहा गया जैसा कि उन्होंने श्रीलंका के खिलाफदूसरे टेस्ट में की थी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को बताया कि कुहनेमन ने ब्रिसबेन के नेशनल क्रिकेट सेंटर में टेस्ट दे दिया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने साथ ही बताया कि अब आईसीसी उनके गेंदबाजी एक्शन को लेकर आने वाले दिनों में



फैसला लेगी और तब तक ना तो बोर्ड और ना ही कुहनेमन इस बारे में कोई बयान जारी करेंगे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कहा, कुहनेमन ने ब्रिसबेन में राष्ट्रीय क्रिकेट सेन्टर में दे दिया है। इससे पहले क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बताया था कि अगर कुहनेमन का गेंदबाजी एक्शन अवैध पाया जाता है तो उन पर प्रतिबंध भी लग सकता है।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कहा था, श्रीलंका के खिलाफ गॉल में दूसरे टेस्ट के दौरान मैच अधिकारियों द्वारा की गई शिकायत की जानकारी ऑस्ट्रेलियाई टीम को दी गई है। हम पूरे मामले में कुहनेमन का सहयोग करेंगे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बताया था कि कुहनेमन 2017 में पदार्पण के बाद से 124 पेशेवर मैच खेल चुके हैं, लेकिन उनके गेंदबाजी एक्शन की कभी शिकायत नहीं हुई। श्रीलंका के खिलाफदो मैचों में उन्होंने 16 विकेट लिए। उनकी बायोमीट्रिक जांच ब्रिसबेन में हुई।

फिलहाल कुहनेमन को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में गेंदबाजी करने से निलंबित किया गया है और वह सिर्फ घरेलू क्रिकेट में अपने राज्य की टीम का प्रतिनिधित्व कर सकते हैं। कुहनेमन घरेलू क्रिकेट में तस्मानिया के लिए खेलते हैं।

ऑस्ट्रेलिया कुहनेमन के गेंदबाजी एक्शन पर संदेह जताए जाने से चिंतित नहीं है क्योंकि उसका कहना था कि यह स्पिनर टेस्ट में पास हो जाएगा। ऑस्ट्रेलिया को जून तक टेस्ट क्रिकेट नहीं खेलना है। टीम अब सीधे लंदन में होने वाले विश्व टेस्ट चौंपियनशिप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका का सामना करेगी। ऑस्ट्रेलिया ने भारत को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में हराने के बाद श्रीलंका को उसके घर में 0-2 से हराया था।

# शमी का खेलना तय, हर्षित-अर्शदीप में किसे मिलेगी जगह

**नई दिल्ली।** पिछली कुछ सीरीज में भारतीय टीम का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा और यही वजह है कि चौंपियंस ट्रॉफी में टीम इंडिया के प्रदर्शन पर काफी कुछ निर्भर होगा। भारत को इस टूर्नामेंट में जीत हासिल करनी ही होगी और गुरुवार को बांग्लादेश के खिलाफ होने वाला उसका पहला मैच इस टीम से जुड़े मौजूदा सवालों को दूर करने की दिशा में पहला कदम होगा। हालांकि, प्लेइंग-11 को लेकर टीम मैनेजमेंट को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। भारतीय टीम को अपने सभी मुकाबले दुबई में खेलने हैं। ऐसे में प्लेइंग-11 में तीन स्पिनर रखा जाए या फिर तीन विशेषज्ञ तेज गेंदबाजों के साथ उतरा जाए, यह सोचने का विषय होगा। हालांकि, भारत तीन स्पिनर्स के साथ उतर सकता है। अक्षर पटेल, रवींद्र जडेजा और मोहम्मद शमी का खेलना तय है। वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, हर्षित राणा और अर्शदीप सिंह में से सिर्फदो गेंदबाजों को मौका मिल सकता है। हार्दिक पांड्या छठे गेंदबाज की भूमिका निभा सकते हैं। भारत टूर्नामेंट से पहले प्रबल दावेदारों में शामिल है, लेकिन क्या यह टीम चोटिल तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति से उबरकर अच्छा प्रदर्शन कर पाएगी? क्या विराट कोहली और रोहित शर्मा



अपने शानदार दिनों को वापस ला पाएंगे। क्या शुभमन गिल जैसे युवा खिलाड़ी लगातार अच्छा प्रदर्शन करके कई देशों की मौजूदगी वाली प्रतियोगिता के दबाव को झेल पाएंगे? यह तो समय ही बताएगा, लेकिन आईसीसी टूर्नामेंट भारतीय खिलाड़ियों के लिए वरदान की तरह है। भारत के दिग्गज और युवा खिलाड़ी वनडे प्रारूप में सहज महसूस करते हैं और वे इस टूर्नामेंट में भी अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि कोहली, रोहित और यहां तक कि मुख्य कोच गौतम गंभीर के पास अधिक समय नहीं है क्योंकि न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मिली असफलताओं से मिले झटके का असर कम नहीं हुआ है। एक और टूर्नामेंट में खराब प्रदर्शन इन तीनों के लिए मुश्किलें खड़ी कर सकता है। हालांकि, कुछ अच्छे संकेत भी हैं। कप्तान रोहित ने कुछ दिन पहले इंग्लैंड के खिलाफ शानदार शतक और कोहली ने अर्धशतक बनाया, जबकि गंभीर के मार्गदर्शन में भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में 4-1 से और वनडे सीरीज में 3-0 की शानदार जीत दर्ज की।

गिल ने शानदार प्रदर्शन किया और इंग्लैंड के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज में एक शतक और दो अर्धशतक जड़कर प्लेयर ऑफद सीरीज बने। चौंपियंस ट्रॉफी में हालांकि भारत के सामने चुनौती घरेलू सीरीज से काफी अलग है।


# अमर भास्कर

( हिन्दी दैनिक समाचार पत्र )

- वरिष्ठ संरक्षक : वेदभानु आर्य
- संरक्षक : हामिद अली खाँ
- संरक्षक : सुरेश प्रसाद शर्मा
- प्रधान संपादक : फरीद क़ादरी
- संपादक : अबरार अहमद
- कानूनी सला. : मुहम्मद फुरकान, एड.
- व्यवस्थापक : ठा. वेदपाल सिंह
- मैनेजर : केपी यादव
- सह-संपादक : मोहम्मद राशिद
- उप संपादक : जहांगीर भारती



हमारे यूट्यूब चैनल *Amar Bhaskar News* को सब्सक्राइब करें वैल आइकॉन दबाना न भूलें।

**-सर्वेश उपाध्याय, मैनेजिंग एडिटर***



अगर आपके पास भी है कोई कविता, रचना, लेख, गजल एवं छंद तो हमें लिख भेजिए, हमारा पता है:-

**अमर भास्कर कार्यालय**

**निकट होटल रिजेन्सी, लावेला चौक बदायूं (उ.प्र.)।**

**पिन कोड-243601**

*Email- amarbhashkar21@gmail.com*

*Whatsapp. No. 9411214614*

## गरीब बेटी की शादी में किया सहयोग



अमर भास्कर, ब्यूरो

**चन्दौसी।** जायंट्स ग्रुप वुमेन शिखर चंदौसी द्वारा शिव मंदिर की सेवा करने वाली महिला की बेटी की शादी में मदद की शिखा शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि हमारा यह संगठन काफी वर्षों से गरीबों की सहायता करता चला आ रहा है और जब कभी किसी भी गरीब व्यक्ति को सहारा लेने की जरूरत पड़ती है तो हमारा संगठन सदैव तैयार रहता है और कुछ ना कुछ सहयोग जरुर करता है।

दोनों ग्रुपों की अध्यक्ष शोभा शर्मा शिवानी शर्मा सचिव मोना शर्मा कोषाध्यक्ष नीतू रस्तोगी संकल्प ग्रुप की सचिव स्वाति शर्मा कोषाध्यक्ष प्रतीक्षा शर्मा ने सूट बेडशीट स्टॉल मेकअप किट कुछ खाद्य सामग्री और नगद धन राशि देकर मदद की गई। ग्रुप के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और सभी ने अपनी समर्थ के अनुसार मदद की नूतन सुप्रीति सीमा अग्रवाल शालिनी सुमन सैनी नूतन अग्रवाल डायरेक्टर शिखा शर्मा भी मौजूद रहे।

## सर्विस सेंटर का हुआ उद्घाटन

**संभल।** व्हर्लपूल सर्विस सेंटर बदायूं में उद्घाटन हुवा जिससे कंपनी की सर्विस फास्ट होगी और कॉस्ट्यूमर की प्रॉब्लम का सलूशन उसी दिन हो जाएगा उद्घाटन कंपमनी के सर्विस मैनेजर जनाब रोहित मेहता और पिंकी के के दुवारा किया गया। जिसमे चीफ गेस्ट जनाब अरिश और प्रदीप शर्मा और जमाल जी रहे बाद में सर्विस सेंटर के मालिक महताब अली ने सभी का आभार जताया। जिसमे जनाब तारिक. व्हर्लपूल के सेल्स मेन यश ताज मोहदम्मद नूर फात्मा और सर्विस सेंटर के इंजीनियर शानू. अरमान. नदीम. शुभान.आदि मौजूद रहे।

## कार से छात्राओं को कुचलने के आरोपियों पर बढ़ीं धाराएं



अमर भास्कर, ब्यूरो

**मुरादाबाद।** रामगंगा विहार में छेड़खानी का विरोध करने पर छह छात्राओं को कार से कुचलने के मामले में सिविल लाइंस पुलिस ने आरोपियों के खिलाफसामूहिक छेड़खानी सहित अन्य धाराएं बढ़ा दी हैं। घटना के दो आरोपी अभी भी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। सिविल लाइंस थाना प्रभारी मनीष सक्सेना ने बताया कि पुलिस आरोपी दिव्यांशु और आरोपी यश सिरोही को पकड़ने के लिए दबिश दे रही हैं। आरोपी दिव्यांशु दरोगा का बेटा है। इस मामले में विवेचक कुलदीप राणा ने नाबालिग छात्राओं का बयान दर्ज करने के बाद उसी आधार पर धारा 77, 78 और 79 बढ़ा दी है। बढ़ी हुई धाराओं का अर्थ यह है कि आरोपियों ने छात्राओं का पीछा कर सामूहिक छेड़खानी की।

बगैर अनुमति तस्वीरे खींचने की कोशिश की। इस मामले में पॉक्सो एक्ट पहले ही लगाया गया था। दबिश से पता चला कि आरोपी घर से फरार हैं। सात फरवरी को कॉलेज से प्रवेश पत्र लेकर लौट रही छह छात्राओं को कार सवारों ने कुचल दिया था। परिजनों ने आरोप लगाया कि कार सवार पांच युवकों ने छात्राओं से छेड़खानी की। विरोध करने पर आरोपियों ने छात्राओं को कार से रौंद दिया। टक्कर से एक छात्रा कार की बोनट पर गिर गई थी। कार दौड़ाने के बाद उसे सड़क पर गिराकर आरोपी भाग निकले थे। सभी छात्राओं गंभीर रूप से घायल हो गई थीं, जिनमें से दिल्ली में भर्ती एक छात्रा की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। मौके पर ही लोगों ने कार चला रहे नवीन नगर निवासी शगुन सिंह को दबोचा था। पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज की थी। मौके से भागे चार आरोपियों में से लक्ष्य बवेजा और उदय कौशिक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। दो आरोपी यश सिरोही और दिव्यांशु 12 दिन बाद भी पुलिस की पकड़ से दूर हैं।

## विदाई समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया



अमर भास्कर, ब्यूरो

**संभल।** थाना बहजोई क्षेत्र के बाबूराम प्रेमराज सिंह कान्वेंट स्कूल बहरौली ताहरपुर में दूसरा बैच विदाई सह सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें विधालय के अध्यक्ष बाबूराम सिंह प्रबंधक चन्द्रभान सिंह कोषाध्यक्ष जसवीर सिंह एवं प्रधानाचार्य बृहमपाल सिंह समस्त शिक्षक बन्धु एवं अतिथियों ने मां सरस्वती को पुष्प श्रद्धासुमन अर्पित किए। विद्यालय में उपस्थित छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं और आशीर्वाद दिया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रेमपाल सिंह भारती ने कक्षा 12 के छात्र -छात्राओं को विदाई देने के उद्देश्य से हुए हैं। इस समारोह के जरिए परीक्षा में पूर्ण लगन और अच्छे अंक लाने विद्यालय और मां-बाप का नाम रोशन करने और उन्हें आगे आने वाले समय में बेहतर जिंदगी के लिए मंगल कामना की। विधालय के रसायन विज्ञान के प्रवक्ता हरेंद्र कुमार ने बच्चों को समझाते हुए अपनी कामयाबी हासिल करने को प्रेरित किया बाद में अक्षित ने कहा कि आपको अपनी जिंदगी में बहुत कुछ करके दिखाना है बात रखी और कक्षा 12 की क्लास टीचर यशी जैन ने घड़ी की सुइयां चलती रहती हैं उदाहरण देते हुए, कामयाबी हासिल करने को कहा प्रधानाचार्य ने सभी को शिक्षा का महत्व बताया और लक्ष्य को तय करना है विधालय को नई शिक्षा नीति 2020 तकनीक से सम्बंधित शिक्षण कार्य कराया जाएगा जो आप को कई किलोमीटर जाना पड़ता था। अब आपके क्षेत्र में अध्ययन संस्थान संचालित है। बाद में पत्रकार प्रेस सेवा समिति के जिला अध्यक्ष संजय राघव ने आभार व्यक्त करते हुए सभी को उज्जवल भविष्य की हार्दिक बधाई दीं। प्रधानाचार्य द्वारा आभार व्यक्त करते हुए सभी को पुरस्कृत किया एवं जलपान किया गया। और बच्चों द्वारा सांस्कृतिक मनोरंजन भी किया गया।

## नशे में ड्राइविंग लेकर जा रही मौत के सफर पर




**उत्तराखंड।** बरेली रोड हो या रामपुर रोड हादसे हर जगह जारी हैं। पुलिस ने अभी हाल ही में यातायात जागरूकता माह अभियान चलाया था लेकिन लोग रफ्तार पर ब्रेक नहीं लगा पा रहे हैं। रामपुर रोड के पंचायत घर के पास तेज रफ्तार ने ही स्कूटी सवार की जान ली थी, हादसे के समय उस वाहन का स्पीडो मीटर 120 से ज्यादा था। वाहन चलाने वाला भी नाबालिग था। तहसील में कार्यरत राजस्व कर्मी को जब बुलेट ने टक्कर मारी तो वहां भी चालक नाबालिग था और स्पीड हाई। मंगलवार को जब कार आगे चल रहे ट्रक में घुसी तो उसका कारण भी तेज रफ्तार और स्पीडो मीटर का कांटा भी 100 के पार था। शहर में जब वाहनों की रफ्तार पर लगाम नहीं लग पा रही तो हाईवे पर स्पीड का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। चमचमाती सड़कों पर 40 से 60 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार का तय मानक वाहन चालकों की समझ में नहीं आ रहा है। सरपट सड़कों पर जवानी का जोश और नशे में ड्राइविंग कई घरों के चिरागों को बुझाने का कारण बन रहा है।

सोमवार देर रात जब शहर गहरी नींद में सो रहा था, तब मंडी के पास तेज रफ्तार कार दो युवाओं की मौत का कारण बन गई। कार की स्पीड इतनी थी कि चालक को ओवरटेक करने या ब्रेक मारने तक का मौका नहीं मिला और पलक झपकते ही सैन्यकर्मी और उसके एक दोस्त की जान चली गई। वह भी तब, जब रात के समय सड़क पूरी खाली थी। ठीक इसी तरह से बीती 23 जनवरी को भी एसयूवी लेकर महाराष्ट्र निवासी 17 साल का किशोर चला तो उसकी स्पीड भी सौ के पार थी। पंचायत घर के पास एक स्कूटी सवार को एसयूवी ने ठोका तो वाहन के कलपुर्जे बिखर गए थे और टायर निकलकर पेड़ पर लटक गया था। गाड़ी दमदार थी तो चालक बच गया लेकिन सोमवार देर रात को हुई घटना का शिकार हुए कार सवार दो युवकों का नसीब उनके साथ नहीं था।

## सार-संक्षेप

### मुख्यालय छोड़ने से पहले सीएस की अनुमति लेंगे आईएएस अधिकारी



**देहरादून।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के कतिपय अधिकारी मुख्य सचिव से पूर्व अनुमति के बगैर मुख्यालय छोड़कर अवकाश पर जा रहे हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय ने इसका संज्ञान लेते हुए सभी आईएएस अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। छुट्टी पर या मुख्यालय छोड़ने से पहले सभी आईएएस अधिकारियों को मुख्य सचिव को अवगत कराना होगा और अनिवार्य रूप से पूर्व अनुमति लेनी होगी।

इस संबंध में स्टाफ ऑफिसर-मुख्य सचिव ललित मोहन आर्य ने मुख्य सचिव राधा रतूड़ी के निर्देशों पर सभी भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के अवकाश के संबंध में आदेश जारी किए हैं। मुख्य सचिव कार्यालय से जारी आदेश में कहा गया है कि भारतीय प्रशासनिक सेवा के कतिपय अधिकारी बिना अनुमति मुख्यालय छोड़ रहे हैं। इससे विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। सभी अधिकारी विविध अवकाश जैसे ईएल, सीसीएल, भ्रमण अवकाश, अर्धवेतन अवकाश, मातृत्व अवकाश, पितृत्व अवकाश पर जाने व मुख्यालय छोड़ने से पहले इसकी जानकारी अनिवार्य रूप से मुख्य सचिव को देंगे और अवकाश के लिए अनुमति प्राप्त करेंगे।

### अवैध रास्तों को एमडीए ने करावाया बंद



अमर भास्कर, ब्यूरो

**मुरादाबाद।** शहर में एमडीए सचिव अंजू लता ने बुधवार को एमडीए की मधुबनी कॉलोनी में खुले दो अवैध दोस्तों को मौके पर खड़े होकर बंद करा दिया। सोमवार को भी एमडीए ने यहां अवैध रास्ते बंद करने के लिए दीवार खड़ी की थी जिसे पुलिस और प्राधिकरण अधिकारियों की मौजूदगी में कुछ लोगों ने तोड़ दिया था इसके बाद वी सी शैलेश सिंह ने सख्त लहजे में कहा था कि मधुबनी कॉलोनी में खुले अवैध रास्तों को हाई कोर्ट के आदेश पर बंद किया जा रहा है इन्हें सख्ती से बंद कराया जाएगा दरअसल कांठ रोड पर मुरादाबाद विकास प्राधिकरण ने मधुबनी योजना बनाई थी मधुबनी योजना के आवंटियों ने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल करके कहा था कि एक व्यक्ति ने कॉलोनी में अवैध रूप से रास्ता खोल लिया है इसे बंद कराया जाए हाई कोर्ट ने एमडीए वी सी को आदेश दिए थे कि मामले की सुनवाई करके उसमें कार्रवाई करें इसके बाद एनडीए ने टीम गठित करके मौके पर सर्वे कराया सर्वे में दो मकानो के गेट कॉलोनी में अवैध रूप से खुले पाए गए वीसी शैलेश सिंह ने दोनों रास्तों को बंद करने के आदेश दिए थे।

## छत्रपति शिवाजी के चित्र पर माल्या अर्पण कर दी श्रद्धांजलि



अमर भास्कर, ब्यूरो

**चन्दौसी।** रानी रामकली सांस्कृतिक क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना कॉलेज, छात्र इकाई, चंदौसी के तत्वावधान में मराठा साम्राज्य के छत्रपति शिवाजी की जयंती को बहुत ही हर्ष और उल्लास के साथ एस. एम. कॉलेज में मनाया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्राचार्य डॉ हेमंत कुमार एवं डॉक्टर राम अधार सिंह यादव, संयोजक, रानी रामकली सांस्कृतिक क्लब ने मां सरस्वती और शिवाजी के चित्र पर चित्र अर्पण करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डॉ हेमंत कुमार जी ने कहा की छत्रपति शिवाजी महाराज का व्यक्तित्व निराशा में आशा का संचार करने वाला है। शिवाजी का जन्म एक ऐसे समय पर हुआ जब मुगलिया सल्तनत में हिंदू साम्राज्य की बात करना घातक होता था। शिवाजी महाराज ने तत्कालीन मुगल बादशाह औरंगजेब की सत्ता को चुनौती देते हुए महाराष्ट्र में हिंदू साम्राज्य की स्थापना करके भारत के मस्तक को ऊंचा किया।

## ईओ मणि भूषण तिवारी ने अपने नवाचारों से बदली है सम्भल की तस्वीर




अमर भास्कर, ब्यूरो

**सम्भल।** कल्कि धाम के स्थापना दिवस के अवसर पर सम्भल पधारी राज्यपाल आनंदी बेन पटेल के प्रस्तावित इटायला माफी के पीएम श्री विद्यालय में संवाद कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी डॉ राजेंद्र पेंसिया द्वारा जनपद सम्भल में किये गए उतकृष्ट कार्यों की जानकारी देते वक्त गोरखपुर से आए सम्भल नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी डॉ मणि भूषण तिवारी द्वारा सम्भल नगरपालिका क्षेत्र में किये गए नवाचारों की प्रशंसा की गई जिसमें बताया गया। कि अनुपयोगी वस्तुओं से किस प्रकार रचनात्मक चीजें बनाए जा सकती हैं। जिसका उदहारण देते हुए पुराने कपड़ों से थैले बना कर सिंगल यूज प्लास्टिक के खात्मे कि मुहीम को बढ़ावा दिया जा सकता है। और उनके द्वारा ऐसी चीजों से सुंदर पार्कों का निर्माण किया गया जो अब उपयोग से बहार हो चुकी हैं। जो सराहनीय कार्य है जिसकी प्रशंसा सभी कर रहे हैं।

## चावल के निर्यात का झांसा

**मुरादाबाद।** जिले के एक चावल निर्यातक ने नागफनी थाने में अंबाला के अन्य निर्यातक के खिलाफ 30 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने का केस दर्ज कराया है। आरोप लगाया कि अंबाला के निर्यातक ने झांसा देकर पैसे लिया। अब पैसे वापस मांगने पर धमकी दे रहा है।

पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। मैसर्स एशिया हाउस डिप्टीगज गोल कोठी एलएलएम राशन कार्ड ऑफिस निवासी सैय्यद अशरफअली ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि छह माह पहले अंबाला सिटी जग्गी गार्डन निवासी राजीव कुमार आए थे। उन्होंने खुद को मैसर्स स्टैंडर्ड एंड रिचर फर्म का मालिक बताया था।

## शहर में बसों की नो एंट्री, हाईवे पर रूट डायवर्जन



अमर भास्कर, ब्यूरो

**मुरादाबाद।** महाशिरात्रि को लेकर हाईवे पर बुधवार सुबह से आठ दिनों के लिए रूट डायवर्जन लागू कर दिया जाएगा। शहर में रोडवेज बसों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। वहीं रामगंगा पुल की मरम्मत के कारण दुश्वारियां झेल रहे लोगों के लिए आने वाले सात दिन राहत भरे होंगे। बृहस्पतिवार से 26 फरवरी तक रामगंगा पुल बाइक के लिए खोल दिया जाएगा। 27 फरवरी से दोबारा पुल मरम्मत का काम शुरू होगा। रामगंगा पुल की मरम्मत के काम में तेजी लाते हुए कार्यदायी संस्था के अभियंताओं ने 12 बेयरिंग बदल दी है। पुल के 12 पिलरों को भी दुरुस्त कर दिया गया है। अब सिर्फ दो पिलरों की बेयरिंग में आयलिंग करने का काम बाकी है। पुल की रेलिंग दो स्थानों पर टूटी हुई है, इसकी भी मरम्मत की जानी है। उम्मीद है कि तय समय से पहले ही रामगंगा पुल पर वाहनों का आवागमन शुरू हो जाएगा।

रामगंगा पुल की मरम्मत के लिए पांच फरवरी से कार्यदायी संस्था काम कर रही है। संस्था के वरिष्ठ अभियंता ने बताया कि पुल के दो पिलरों का काम दो दिनों में हो जाएगा। पुल के ऊपर सभी पांच एक्सटेंशन नए सिरे से लगाए गए हैं। पुल की रेलिंग दो स्थानों पर टूटी है। रेलिंग की मरम्मत के बाद पुल के ऊपर का काम दुरुस्त हो जाएगा। एसपी यातायात ने पैदल कांवड़ियों के लिए 20 से 26 फरवरी तक खोलने के निर्देश दिए हैं। सोमवार को पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता कुलदीप संत कार्यदायी संस्था के कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि पुल की मरम्मत के लिए दस दिन का और समय चाहिए। इसके बाद पुल आवागमन के लिए खोल दिया जाएगा।

महाशिवरात्रि पर कांवड़ियों के आवागमन को देखते हुए जिला पुलिस ने बुधवार सुबह से 26 फरवरी की रात तक ट्रैफिक डायवर्जन लागू कर दिया है। इस मामले में फोर्स की तैनाती भी की गई है। पुलिस का मानना है कि महाशिवरात्रि पर हरिद्वार, ऋषिकेश, गढ़मुक्तेश्वर आदि स्थानों से पवित्र नदियों का जल लेकर कांवड़ यात्री आएंगे। इस वजह से शहर में महाशिवरात्रि के कारण 23 से 26 फरवरी तक भारी और मालवाहक वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। बरेली, रामपुर से दिल्ली की ओर जाने वाले सभी भारी वाहन (ट्रक, ट्रैक्टर, सभी प्राइवेट रोडवेज बस आदि मालवाहक भारी वाहन) मिलक शाहबाद, बिलारी, सिरसी, सम्मल, गवां, नरौरा डिबाई, शिकारपुर, बुलंद शहर, हापुड़, गाजियाबाद होकर दिल्ली पहुंचेंगे। साथ ही इसी मार्ग से वाहन दिल्ली से बरेली वापस लौटेंगे। रोडवेज बसें नया मुरादाबाद एमडीए ऑफिस के सामने बने अस्थायी बस स्टैंड का प्रयोग कर सकती हैं। कांवड़ियों की संख्या का आंकलन करते हुए एनएच-9 की एक लेन पर वाहनों का संचालन किया जा सकता है। 24 फरवरी से रात आठ बजे से 26 फरवरी की शाम पांच बजे तक जीरो ट्रैफिक किया जाएगा। मुरादाबाद से दिल्ली एवं मेरठ की ओर जाने वाले सभी भारी वाहन बिलारी, सिरसी, सम्भल, गवां, नरौरा, डिबाई, शिकारपुर, बुलंदशहर, हापुड़, गाजियाबाद होकर दिल्ली जाएंगे। ये वाहन इसी मार्ग से वापस लौटेंगे। मेरठ जाने के लिए वाहन हापुड़ से मेरठ जाएंगे और इसी मार्ग से वापस आएंगे।

## नशे के दुष्प्रभावों पर अपने विचार साझा किए



**रामपुर।** उत्तर प्रदेश जमाते इस्लामी यूपी मगरिब के चल रहे अभियान नशा मुक्ति के अंतर्गत 19 जनवरी 2025 दावह सेंटर में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनाब वारिस हुसैन साहब मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे जिन्होंने इस विषय पर खुल कर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि यदि कोई शक्ति इस नशा मुक्ति अभियान को सफल बना सकती है तो वह नशा करने वालों की आत्मशक्ति है।

ऑल इंडिया आइडियल टीचर्स एसोसिएशन की काउंसलिंग से प्रेरित होकर जनाब नदीम शम्सी साहब ने नशा मुक्ति के इस पैगाम को युवाओं एवं बुजुर्गों तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इसके अलावा वक्ताओं में नशा मुक्ति केंद्र चलाने वाले जनाब शामरान साहब, डॉ. शहजाद, मुफ्ती अनस, अवतार सिंह, एम. के. अरोड़ा, और जिया उल हक उपस्थित रहे जिन्होंने नशे के दुष्प्रभावों पर अपने विचार साझा किए। इस कार्यक्रम में से आरिफ खान, दाइम रजा, अनस नदीम, आसिम उपस्थित रहे, कार्यक्रम का संचालन, जनाब अब्दुस सलाम बस्तवी ने किया और बड़ी तादाद में लोगों ने शिरकत की जिनमें जफर अहमद, खान, वकासुन नबी, मौजूद रहे।

## पहले पति को खोया, अब बेटा भी दे गया जिंदगी भर का गम




**नैनीताल।** हल्द्वानी के तीनपानी में हुए सड़क हादसे ने दो बहनों को कभी न भूलने वाला दर्द दिया है। दुर्घटना में जान गंवाने वाले गौरव और संजीव मौसेरे भाई थे। संजीव की माता को पति की असमय मौत के बाद पुत्र के जाने का गहरा जख्म मिला है।

हादसे ने उनके और उनके सास-ससुर के बुढ़ापे का सहारा छीन लिया। संजीव की माता निर्मला देवी पहले अपने पति की मौत का दर्द झेल चुकी हैं। जब उनके पति शहीद हुए थे, तब वह उम्मीद से थीं। बेटे के जन्म की खुशी से पहले उन्हें अपने पति की मौत का दर्द सहना पड़ा। संजीव के जन्म के बाद धीरे-धीरे उनके जख्म भरने लगे थे। संजीव के चाचा कमलेश चौबे ने बताया कि दादा, दादी, माता ने संजीव के पालन-पोषण में खुद को समर्पित कर दिया। 18 साल की उम्र होने पर संजीव वन नागा रेजीमेंट में भर्ती हो गया तो परिवार वालों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। इन दिनों संजीव 30 दिन की कैजुवल लीव पर घर आया था। संजीव की तरक्की से परिवार भी खुश था। वह अपने परिवार वालों का बेहद लाडला था। शायद किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। एक हादसे ने जहां परिवार का चिराग छीन लिया, वहीं निर्मला देवी को कभी न भूलने वाला दर्द दे दिया। सड़क हादसा निर्मला देवी की बहन ममता देवी के लिए भी भयावह पल लेकर आया।

ममता देवी का पुत्र गौरव बेहर सरल और मिलनसार स्वभाव का था। व्यापारियों के बीच वह बेहद लोकप्रिय था। ईश्वर के प्रति भी उसकी अगाध आस्था थी। गौरव के पिता भुवन जोशी ने भी जीवन में कई दुखों का सामना किया था। कई कठिनाइयों से बच्चों का पालन-पोषण करने के बाद उनका जीवन अब सही राह पर चल रहा था, लेकिन एक हादसे ने खुशियों पर ग्रहण लगा दिया। गौरव की मौत ने करीब ढाई साल पहले उनकी धर्मपत्नी बनी वंदना को बेसहारा कर दिया, वहीं सवा साल की बच्ची के सिर से पिता का साया भी उठ गया। हादसे ने बुढ़ापे की तरफ कदम बढ़ा रहे गौरव के माता-पिता को भी जवान बेटे को खोने का बोझ उठाने के लिए विवश कर दिया है।

# पेरिस एआई शिखर सम्मेलन में उभरे मतभेद

**फ्रांस।** पेरिस एआई शिखर सम्मेलन अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा कि ट्रंप प्रशासन यह सुनिश्चित करेगा कि अमेरिका में विकसित एआई प्रणालियां वैचारिक पूर्वाग्रह से मुक्त हों और अमेरिका अपने नागरिकों के अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार को कभी प्रतिबंधित नहीं होने देगा। समिट को संबोधित करते हुए जेडी वेंस ने कहा कि तेजी से बढ़ते एआई उद्योग के अत्यधिक विनियमन के खिलाफ आवाज उठाई जायेगी।



उन्होंने कहा कि इससे इस परिवर्तनकारी उद्योग के खत्म होने की आशंका है। वेंस के बयान के बाद ऐसा माना जा रहा है कि कृत्रिम मेधा के प्रति यूरोप के नियामक दृष्टिकोण को चुनौती मिल सकती है। शिखर सम्मेलन में विश्व के नेताओंए शीर्ष तकनीकी अधिकारियों और नीति निर्माताओं ने सुरक्षाए अर्थशास्त्र और शासन पर एआई के प्रभाव पर चर्चा की है। अमेरिका की ओर से जताए गए विरोध के बाद शिखर सम्मेलन में मतभेद खुले तौर पर सामने आ गए हैं।

यूरोप विनियमन और निवेश करना चाहता हैए चीन अपने सरकार समर्थित तकनीकी दिग्गजों के माध्यम से पहुंच का विस्तार कर रहा है और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका इसमें हस्तक्षेप न करने वाला दृष्टिकोण अपना रहा है। वेंस ने सुझाव दिया है कि अगर यूरोपीय सरकारें एलन मस्क के सोशल मीडिया मंच एक्स पर प्रतिबंध लगाती हैं तो अमेरिका को अपनी नाटो प्रतिबद्धताओं पर पुनर्विचार करना चाहिए।

उनकी पेरिस यात्रा में यूक्रेन, वैश्विक शक्ति परिवर्तन में एआई की भूमिका और अमेरिकाण्चीन तनाव पर भी खुलकर चर्चा होने की उम्मीद है। इससे पहले चीन के अधिकारियों ने सोमवार को एआई उपकरणों तक पहुंच को प्रतिबंधित करने के पश्चिमी प्रयासों की निंदा की थी। जबकि चीनी कंपनी डीपसीक के नए एआई चैटबॉट को लेकर अमेरिकी कांग्रेस में सुरक्षा चिंताओं के कारण इसके उपयोग को सीमित करने का आह्वान किया है। वेंस प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन से भी अलग-अलग मुलाकात करेंगे।

जेडी वेंस ने कहा कि ट्रंप प्रशासन एआई के लिए एक श्रमिकण्समर्थक विकास पथ बनाए रखेगा। इसलिए यह अमेरिका में रोजगार सृजन के लिए एक शक्तिशाली उपकरण हो सकता है और मैं प्रधानमंत्री मोदी की बात की सराहना करता हूं। मेरा मानना है कि एआई लोगों को सुविधा प्रदान करेगा और उन्हें अधिक उत्पादक बनाएगा। यह मनुष्यों की जगह नहीं लेगा। यह कभी भी मनुष्यों की जगह नहीं ले सकेगा।

## कोल्ड स्टोरेज में भाड़ा वृद्धि से आक्रोश

**मथुरा।** बुधवार को उद्यान निदेशालय लखनऊ में आलू के किराए में कोल्ड स्टोरेज एसोसिएशन द्वारा भाड़ा वृद्धि किए जाने को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें उद्यान निदेशक वीबी द्विवेदी संजीव संयुक्त निदेशक आलू अरविन्द अग्रवाल अध्यक्ष कोल्ड स्टोरेज एसोसिएशन भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक से धर्मेन्द्र मलिक राष्ट्रीय प्रवक्ता हरिनाम सिंह वर्मा प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार तोमर मंडल अध्यक्ष आगरा रामस्वरूप वर्मा पूर्वांचल प्रभारी अनार सिंह अन्नू मण्डल अध्यक्ष लखनऊ बबलू दुबे मण्डल अध्यक्ष प्रयागराज रामबरन वर्मा जिलाध्यक्ष बाराबंकी राजेश रावत जिलाध्यक्ष लखनऊ पवन हूण जिलाध्यक्ष हापुड़ नवनीत प्रताप जिलाध्यक्ष मैनपुरी सहित कई लोग शामिल रहे। बैठक में हरिनाम सिंह वर्मा जी ने कहा कि इस बार आलू के दाम गिर रहे हैं।

# निर्वासितों के साथ हो इंसानियत का व्यवहार: सांसद

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जल्द ही अमेरिका दौरे पर जाने वाले हैं। पीएम मोदी के अमेरिका दौरे और दोनों देशों के कुछ अहम मुद्दों पर भारतीय मूल के अमेरिकी सांसद रो खन्ना ने बात की। उन्होंने अपनी सरकार से अपील की कि निर्वासित किए जा रहे लोगों के साथ इंसानियत वाला व्यवहार किया जाना चाहिए।



रो खन्ना ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि पीएम मोदी और डोनाल्ड ट्रंप की आगामी मुलाकात में दोनों नेताओं के बीच अवैध अप्रवासियों के मुद्दे पर बातचीत हो सकती है। अवैध अप्रवासियों को निर्वासित किए जाने पर रो खन्ना ने कहा कि मेरा मानना है कि अगर निर्वासन होता है तो वो इंसानी तरीके से होना चाहिए और लोगों के साथ गरिमापूर्ण व्यवहार होना चाहिए। उनका अमानवीय तरीके से उत्पीड़न नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने ये भी कहा कि बेशक अमेरिका आने वाले लोगों को कानूनी तरीके से ही अमेरिका आना चाहिए और कानून का पालन करना चाहिए। मुझे उम्मीद है कि ये मुद्दा जल्द सुलझ जाएगा।

रो खन्ना ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार असंतुलन का भी मुद्दा है। अमेरिका का चीनए कनाडा और यूरोप के साथ भी व्यापार असंतुलन है। इनमें अमेरिका ज्यादा सामान खरीदता है, लेकिन ये देश अमेरिका से कम सामान खरीदते हैं। भारत के साथ भी अमेरिका का व्यापार असंतुलन है। रो खन्ना ने कहा कि इस व्यापार असंतुलन को खत्म किया जाना चाहिए। गौरतलब है कि रो खन्ना की यह टिप्पणी ऐसे वक्त आई हैए जब बीती 5 फरवरी को ही 100 से ज्यादा अवैध अप्रवासियों को लेकर अमेरिकी सेना का विमान भारत पहुंचा।

निर्वासित किए गए इन भारतीयों को हाथण्पैरों में बेड़ियां बंधी थीं और रास्ते में लोगों के साथ अमानवीय व्यवहार किया गया। इसे लेकर संसद में खूब हंगामा हुआ। जिस पर जवाब देते हुए केंद्रीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बताया कि भारत सरकारए अमेरिकी सरकार के संपर्क में है ताकि ये सुनिश्चित कराया जा सके कि निर्वासितों के साथ गलत व्यवहार न हो।

# अप्रवासियों को लेने के लिए तैयार हुआ अल सल्वाडोर

**वाशिंगटन।** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने अपने एक बयान में बताया है कि अल सल्वाडोर ने अमेरिका की पेशकश स्वीकार कर ली है, जिसके तहत अमेरिका के विभिन्न देशों के अवैध अप्रवासियों और खतरनाक अपराधियों को अल सल्वाडोर भेजने का रास्ता साफ हो गया है। मार्को रुबियो ने कहा कि अल सल्वाडोर के राष्ट्रपति नईब बुकाले ने सभी अवैध अप्रवासियों और जेलों में बंद खतरनाक अमेरिकी अपराधियों को उनके देश भेजने की मंजूरी दे दी है।



मार्को रुबियो ने इसे शानदार समझौता बताया और कहा कि अमेरिका के खतरनाक अपराधी, फिर चाहे वे अमेरिका के ही नागरिक क्यों न हों, उन्हें भी अल सल्वाडोर निर्वासित किया जा सकेगा। अल सल्वाडोर के राष्ट्रपति नईब बुकाले से जब इस समझौते को लेकर सवाल किया गया था तो एक दिन पहले ही उन्होंने कहा था कि वे इसे अंतिम रूप दे रहे हैं। यह एक व्यापक समझौता होगा और न सिर्फ अमेरिका और अल सल्वाडोर बल्कि पूरे लैटिन अमेरिका में इस समझौते की मिसाल दी जाएगी।

अब मार्को रुबियो ने कहा है कि बुकाले ने समझौते को अपनी मंजूरी दे दी है। हालांकि समझौते के तहत अल सल्वाडोर को क्या मिलेगा, इसकी जानकारी अभी सामने नहीं आई है। अल सल्वाडोर में इस कथित समझौते का विरोध भी हो रहा है और वहां की विपक्षी पार्टियां इसे लेकर सरकार को आगाह कर रही हैं कि यह समझौता अल सल्वाडोर को ऐसी जगह में बदल देगा, जहां अमेरिका अपना कचरा फेंकेगा। डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति पद संभालने के साथ ही अवैध आव्रजन को रोकने और अवैध अप्रवासियों को उनके देश निर्वासित करने का आदेश पारित कर दिया था। आदेश के तहत अमेरिका से बड़ी संख्या में अवैध रूप से रह रहे लोगों को निर्वासित भी किया जा रहा है।

कई लैटिन अमेरिकी देशों में अमेरिकी सेना के विमान पहुंचे हैं, जिनमें अवैध अप्रवासी सवार थे, जिन्हें ट्रंप सरकार द्वारा अमेरिका से निर्वासित किया गया। अवैध आव्रजन पर रोक के लिए ट्रंप प्रशासन ने कनाडा और मेक्सिको पर टैरिफलगाने का भी एलान किया है। अमेरिका की इस सख्ती का असर दिख भी रहा है क्योंकि मेक्सिको ने सीमा पर अवैध आव्रजन रोकने के लिए सेना तैनात कर दी है। जिसके बाद अमेरिका ने भी मेक्सिको पर टैरिफ लगाने के फैसले को कुछ दिनों के लिए टाल दिया है।

## शांति व्यवस्था में करें पुलिस का सहयोग

**फरह।** थाना परिसर में बुधवार को पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें आगामी त्योहार महाशिवरात्रि, होलिका दहन समेत अन्य पर्वों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम वैभव गुप्ता व क्षेत्राधिकारी श्वेता वर्मा ने बताया कि त्योहारों को शांतिपूर्वक और भाईचारे के साथ मिलकर मनाएं। फरह थाना प्रभारी संजय कुमार पांडे ने कहा कि होली पर कोई माहौल बिगाड़ने की कोशिश करता है तो पुलिस को अवगत कराएं। शरारती तत्वों पर पुलिस की विशेष नजर रहेगी, शांति भंग करने वाले असामाजिक तत्वों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर क्राइम इंस्पेक्टर यशपाल सिंह, एसएसआई सुभाष चंद, एसआई नितिन तेवतिया,एसआई राजेश कुमार, एसआई सुनील कुमार एसआई तेजेंद्र सिंह, हरिओम प्रधान, ओमी प्रधान,सुखपाल प्रधान आदि लोग मौजूद रहे।

# लगातार कम हो रही है जेब्रा की आबादी

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ ने ग्रेवी जेब्रा को गंभीर रूप से संकटग्रस्त प्रजातियों की लाल सूची में डाला है। अफ्रीकी वन्यजीव फाउंडेशन के अनुसार पिछले तीन दशकों के दौरान सभी किस्मों की जेब्रा की आबादी में लगभग 54 फीसदी की कमी आई है। जेब्रा को जानवरों के साम्राज्य में सबसे अधिक आकर्षक और बुद्धिमान माना जाता है। यह जानकारी कैरी इंस्टिट्यूट ऑफ इकोसिस्टम स्टडीज की एक रिपोर्ट में सामने आई है।



रिपोर्ट के अनुसार वर्तमान में प्रकृति में तीन अलग-अलग प्रकार के जेब्रा रहते हैं। ग्रेवी, मैदानी और पहाड़ी जेब्रा। पहाड़ी जेब्रा दक्षिण-पश्चिमी अंगोला, नामीबिया और दक्षिण-पश्चिमी अफ्रीका में पाए जाते हैं। पहाड़ी जेब्रा को भी वर्तमान में गंभीर रूप से संकटग्रस्त के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। बता दें कि यह 20वीं शताब्दी में विलुप्त होने के करीब पहुंच गया था। मैदानी जेब्रा की तरह उनके लिए सबसे बड़ा खतरा आवास का नुकसान और शिकार है। ग्रेवी जेबरा, जेबरा की सबसे बड़ी प्रजाति है।

वे इथियोपिया, सोमालिया और उत्तरी केन्या में उप-रेगिस्तानी मैदानों और शुष्क घास के मैदानों में रहते हैं। अपने बड़े, गोल कानों और मोटी गर्दन की वजह से वे धारियों वाले खच्चरों की तरह दिखते हैं। रिपोर्ट के अनुसार समय बीतने के साथ, आवास के नष्ट होने, जलवायु परिवर्तन और अवैध शिकार ने उनके अस्तित्व को खतरे में डाल दिया है। जेब्रा की आबादी का रुझान प्रजातियों के प्रकार के साथ बदलता रहता है। सभी प्रकार के जेब्राओं की अनुमानित आबादी 6 लाख 60 हजार से 10 लाख के बीच है और वर्तमान में इसे लुप्तप्राय के रूप में वर्गीकृत नहीं किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार जेब्रा के शरीर की खूबसूरत धारियां ही उसके शिकार का एक बड़ा कारण हैं।

ये पैटर्न लगभग सभी किस्म के जेब्राओं में अलग-अलग पाए जाते हैं। जैसे मनुष्य के फिंगर प्रिंट मेल नहीं खाता इस तरह इनकी धारियां भी मेल नहीं खातीं। ये धारियां मुख्य रूप से इन्हें जंगली मक्खियों को काटने से बचाने के लिए एक रक्षा तंत्र के रूप में काम करती हैं। वैसे तो आवास विनाश के साथ ही जेब्रा के खतरे में पड़ने के कई कारण और वजहें हो सकती हैं, लेकिन मनुष्यों द्वारा जेब्रा का किया जाने वाला अवैध शिकार उनके लिए सबसे बड़ा खतरा है। रिपोर्ट के अनुसार जेब्रा संवाद करने के लिए अलग-अलग तरह की आवाजें निकालते हैं।

## बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**मथुरा।** मंगलवार को जनपद मथुरा में बेसिक शिक्षा परिषदीय 29वीं मण्डलीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिताओं का आयोजन गणेशरा स्टेडियम में किया गया प्रतियोगिता में मुख्यत: आगरा मण्डल के समस्त जनपद मथुरा, आगरा, मैनपुरी एवं फिरोजाबाद के खिलाड़ियों ने प्रतिभा किया प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीमान किशन चौधरी जी जिला पंचायत अध्यक्ष मथुरा विशिष्ट अतिथि श्रीमती ऐश्वर्या लक्ष्मी मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक आगरा मण्डल मुख्य आयोजन कर्ता श्रीमान सुनील दत्त जी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जनपद मथुरा, जिला व्यायाम शिक्षकध् जिला व्यायाम शिक्षका एवं जनपद मथुरा और मण्डल से पधारे समस्त सम्मानित खण्ड शिक्षा अधिकारियों के द्वारा किया गया।

# व्यापार युद्ध में कोई जीत नहीं सकता: चीन

**वाशिंगटन।** अमेरिका की ओर से लगाए गए टैरिफको लेकर चीन ने एक बार फिर ट्रंप को जवाब दिया है। संयुक्त राष्ट्र में चीन ने कहा कि व्यापार युद्ध में कोई जीत नहीं सकता। बीजिंग जवाबी कार्रवाई करने के लिए मजबूर हो सकता है। संयुक्त राष्ट्र में चीन के राजदूत फू कांग ने कहा कि हम इस टैरिफका विरोध करते हैं। यह विश्व व्यापार संगठन के नियमों का उल्लंघन है।



हम विश्व व्यापार संगठन में शिकायत दर्ज करा रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता संभालने के बाद चीन के राजदूत ने कहा कि हम भी जवाबी कार्रवाई कर सकते हैं। अमेरिका को अपनी समस्याओं पर गौर करना चाहिए और उसका समाधान करना चाहिए। यह समाधान ऐसा हो जो अमेरिका के साथ ही पूरे विश्व के लिए लाभदायक हो। फू ने कहा कि मुझे नहीं लगता टैरिफ बढ़ाना अमेरिका के लिए फायदेमंद है।

टैरिफ बढ़ाने का बहाना फेंटेनाइल है, जो पूरी तरह से गलत है। उन्होंने कहा कि चीन में पहले से ही फेंटेनाइल और उससे जुड़े सभी पदार्थों पर कड़े नियम हैं। इस मुद्दे को अमेरिका को अपने नजरिये से देखने की जरूरत है। अमेरिका दूसरों पर दोष मढ़ने की बजाया फेंटेनाइल की मांग पर भी गौर करें। यह अमेरिका के लिए अच्छा होगा। चीन 18 फरवरी को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक की अध्यक्षता करेगा। इसमें परिषद के सदस्य देशों के साथ गैर सदस्यों के विदेश मंत्रियों को भी बुलाया गया है।

राजदूत फू ने कहा कि अगर अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो बैठक में आते हैं तो उनकी चीनी विदेश मंत्री वांग यी से अच्छी मुलाकात होगी। चीन और अमेरिका संबंधों को लेकर राजदूत फू कांग ने कहा कि अमेरिका और चीन में काफी समानताएं हैं। वे आपस में सहयोग कर सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र में मौजूद आतंकवाद विरोधी, मादक पदार्थ विरोधी, अप्रसार और जलवायु परिवर्तन के मुद्दे पर चीन और अमेरिका के संयुक्त प्रयास की जरूरत है।

# मस्क ने ओपनएआई को खरीदने का दिया प्रस्ताव

**वाशिंगटन।** एलन मस्क के नेतृत्व वाले एक निवेशक समूह ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता यएआईद्ध स्टार्टअप ओपनएआई को 97 अरब डॉलर में खरीदने का प्रस्ताव दिया है। हालांकि ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन ने मस्क के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है।



साथ ही ऑल्टमैन ने ये भी कहा कि अगर आप चाहते हैं तो हम ट्विटर को 9.7 अरब डॉलर में जरूर खरीद सकते हैं। गौरतलब है कि एलन मस्क ने साल 2022 में ही ट्विटर को 44 अरब डॉलर में खरीदा था और बाद में ट्विटर का नाम बदलकर एक्स कर दिया था। एलन मस्क के खुद के एआई स्टार्टअप एक्सएआई और निवेशक फर्मों के एक समूह ने मिलकर चैटजीपीटी बनाने वाली कंपनी ओपनएआई को 97 अरब डॉलर में खरीदने की इच्छा जताई है। एलन मस्क के वकील मार्क टोबरॉफ ने बताया कि मस्क ओपनएआई को एक गैर लाभकारी रिसर्च लैब में बदलना चाहते हैं।

इस प्रस्ताव पर सैम ऑल्टमैन ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि नो थैंक्यू लेकिन अगर आप चाहें तो हम आपके ट्विटर को 9.74 अरब डॉलर में खरीद सकते हैं। गौरतलब है कि साल 2015 में एलन मस्क और सैम ऑल्टमैन ने मिलकर ही ओपनएआई स्टार्टअप की शुरुआत की थी। बाद में ओपनएआई का नेतृत्व करने को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया और आखिरकार साल 2018 में मस्क ने ओपनएआई के बोर्ड से इस्तीफा दे दिया। ओपनआई में शुरुआती दौर में निवेश करने वाले मस्क ने बीते साल कंपनी पर मुकदमा भी दायर किया था।

गैर लाभकारी रिसर्च लैब के रूप में लोगों की भलाई के लिए की गई थीए लेकिन कंपनी ने अपने इस उद्देश्य को धोखा दिया। एलन मस्क ने ओपनएआई में शुरुआती दौर में करीब 4.5 करोड़ डॉलर का निवेश किया था। ओपनएआई को खरीदने का प्रस्ताव देने वालों में एलन मस्क का एआई स्टार्टअप एक्सएआई के साथ ही बैरन कैपिटल ग्रुपए वेलर मैनेजमेंटए एटरीड्स मैनेजमेंटए वीवाई फंडए इमैनुएल कैपिटल मैनेजमेंट और एट पार्टनर वीसी जैसे निवेशक शामिल हैं।

# म्यूनिख में जेलेंस्की से मिलेंगे ट्रंप के प्रतिनिधि

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने चुनाव अभियान के दौरान ही रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त कराने की बात कही थी। अब राष्ट्रपति पद संभालते ही ट्रंप ने इसकी कोशिश शुरू कर दी है। इन्हीं कोशिश के तहत डोनाल्ड ट्रंप के वरिष्ठ सलाहकार और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस इस हफ्ते यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से म्यूनिख में मुलाकात कर सकते हैं।



म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त कराने को लेकर चर्चा हो सकती है। इसी सम्मेलन से इतर अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल यूक्रेनी राष्ट्रपति से मिलेगा। अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल में उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, विदेश मंत्री मार्को रूबियो और डोनाल्ड ट्रंप के विशेष प्रतिनिधि रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल कीथ केलोग शामिल हैं।

कीथ केलोग ने कहा कि बेहतर होगा कि यूक्रेन के राष्ट्रपति उन तीनों से साथ मिलें। इसके बाद राष्ट्रपति ट्रंप भी जेलेंस्की से बात कर सकते हैं। इस बैठक में अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल, जेलेंस्की से युद्ध खत्म करने के विकल्पों पर चर्चा कर सकता है। इस बैठक की अहमियत का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अमेरिकाए बैठक से पहले यूरोपीय देशों से भी बात कर रहा है और कीथ केलोग, वॉशिंगटन में यूरोपीय राजदूतों से मुलाकात कर रूस-यूक्रेन युद्ध रुकवाने को लेकर चर्चा कर रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि डोनाल्ड ट्रंप कह चुके हैं कि अमेरिका के करदाताओं के अरबों डॉलर यूक्रेन को आर्थिक मदद देने में खर्च हुए हैंए जबकि यूरोप इसके लिए कुछ खास प्रयास नहीं कर रहा है। यूरोपीय देशों को अमेरिका को भुगतान करना चाहिए।

## शिवसेना यूबीटी नेता को मिली जमानत

**महाराष्ट्र।** प्रदेश के बॉम्बे उच्च न्यायालय ने मुंबई में हुए खिचड़ी घोटाले में आरोपी शिवसेना यूबीटी नेता को जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है। कोरोना महामारी के दौरान मुंबई में प्रवासी मजदूरों को खिचड़ी के पैकेट बांटे गए थे। आरोप है कि उसमें करोड़ों रुपये का घोटाला हुआ था। जस्टिस मिलिंद जाधव की पीठ ने खिचड़ी घोटाले के आरोपी शिवसेना यूबीटी नेता सूरज चव्हाण को जमानत देते हुए कहा कि आरोपी को जेल में एक साल से ज्यादा का समय हो गया है और इस मामले में सुनवाई के जल्द पूरा होने की उम्मीद कम है।

# पूर्वी कांगो में गांव पर सशस्त्र समूह का हमला

**कांगो।** देश के पूर्वोत्तर हिस्से में सशस्त्र समूह के हमले में 55 नागरिकों की मौत हो गई। इनमें अधिकांश विस्थापित लोगों को निशाना बनाया गया।



स्थानीय अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। दशकों से कांगो में संघर्ष जारी है। पूर्वी हिस्से में हिंसा बढ़ी है। इस क्षेत्र में 120 से अधिक सशस्त्र समूह संघर्ष में शामिल हैं, जिनमें से अधिकतर जमीन और कीमती खनिजों की खदानों पर नियंत्रण पाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। जबकि कुछ अपने समुदायों की रक्षा करने की कोशिश कर रहे हैं। सशस्त्र समूह कोडेको के लड़ाकों ने सोमवार की रात इटुरी प्रांत के जाइबा गांव पर हमला किया। यह विस्थापितों का घर भी है। शिविर की नेता एंटोइनटेट नजाले ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि हमले में 55 नागरिकों की मौत हो गई।

उन्होंने बताया कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती हैए क्योंकि कई घर जलकर नष्ट हो गए। शवों की तलाश जारी है। कोडेको कांगो के लेंदू समुदाय के किसानों के सशस्त्र समूहों का एक अस्थायी गठबंधन है। अफ्रीकी आतंकवाद अनुसंधान केंद्र ने बताया कि इस समूह के हमलों में 2022 तक करीब 1,800 लोग मारे गए और 500 से अधिक घायल हो गए। संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि कुछ हमले युद्ध अपराध और श्मानवता के खिलाफ अपराधश् की श्रेणी में हो सकते हैं। नजाले ने कहाए करीब पूरा गांव हमले का का शिकार हो गया। उन्होंने बताया कि संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों और कांगो सरकार की सेना ने हस्तक्षेप किया, लेकिन हमलावरों की तादाद अधिक होने के कारण वे नियंत्रित नहीं कर पाए।

बैहेमा बेजेरे जिले के प्रमुख जीन रिचर्ड लेंगा ने हमला होने की पुष्टि की और कहा कि 55 लोग मारे गए। उन्होंने यह भी कहा कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है, क्योंकि शवों की तलाश जारी है। जाइबा के निवासी मुम्बेरे डेविड ने बताया कि अधिकांश पीड़ित विस्थापित हैं, जिन्हें कुल्हाड़ी और बंदूकों से मारा गया।


स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक अजरा परवीन द्वारा वेदवीर प्रिन्टर्स, विद्यापीठ पुरम् सिविल लाइन, बदायूं से मुद्रित एवं कार्यालय अमर भास्कर निकट रीजेन्सी होटल लावेला चौक, बदायूं (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक: अबरार अहमद** (इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन हेतु पी.आर.बी. की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी)। समस्त विवाद बदायूं न्यायालय के अधीन होगें। मोबाइल नं. 9411214614, ई-मेल: amarbhashkar21@gmail.com, RNI No.:- UPHIN/2021/82941

# महाशिवरात्रि के त्योहार को लेकर प्रशासन अलर्ट




**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने महाशिवरात्रि के त्यौहार को देखते हुए रूट डायवर्जन की स्थितियों को देखा ताकि कावड़ यात्रियों को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो।

उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए मंगलवार को अपनी पुलिस व प्रशासनिक टीम के साथ टूण्डला चौराहा, निहाल सिंह की पुलिया से लेकर पचोखरा होते हुए भ्रमण कर रूट डायवर्जन की स्थितियों को देखा ताकि कावंड यात्रियों को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो सके तथा सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी ने सभी पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि कावंड यात्रा को जनपद में सकुशल सम्पन्न कराया जाए, इसके लिए उन्होने उप जिलाधिकारी, अधिशासी अधिकारी व एक्स ई एन पीडब्ल्यूडी को मौके पर ही निर्देश दिए।

जनपद एटा की ओर से आने वाले कावंडियों के मार्ग को अभी से दुरूस्त करा लिया जाए, कावंड यात्रा मार्ग में यदि गढढे है तो अभी से ठीक कराया जाए और सडक के दोनों ओर झाडियों को साफकराकर अच्छी मिटटी डलवा दी जाए।

उन्होंने कहा कि कावंड को रखने के लिए शिविरों, सडक के किनारें वालें ग्रामों, थाने, चौकियों आदि स्थानों पर कांवड स्टैण्ड लगाए जाए जिस पर कावंडियें अपनी कांवड को सुरक्षित रख सके। उन्होने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कांवड़ यात्रा मार्ग पर साफ-सफाई, विद्युत व्यवस्था, कूड़ा उठान, पेयजल, सीसीटीवी कैमरे, रेलिंग, नहर पटरी, मेडिकल हेल्थ कैंप, आदि व्यवस्थाओं को समय से पूरा करें। उन्होने उप उपजिलाधिकारी व सम्बन्धितों को निर्देश दिए।

टूण्डला में चिन्हित स्थानों पर कावंड शिविर लगाए जाए जहां पर कावंडियों को सभी आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराई जाए। भ्रमण के दौरान उन्होने स्पष्ट कहा कि यात्रा मार्ग पर स्वच्छता व सेनेटाईजेशन बनी रहें, स्ट्रीट लाइटों की अच्छी व्यवस्था रहें। उन्होने ट्रैफिक को लेकर एसएसपी एवं एआरटीओ को निर्देश दिए कि वह कांवड यात्रा मार्ग का भ्रमण कर ट्रैफिक से सम्बन्धित सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर लें।

उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि कावंड यात्रा मार्ग में स्पीड ब्रैकर लगवाने के लिए स्थान चिन्हित कर लें और पीडब्ल्यूडी विभाग वहां पर स्पीड ब्रैक लगाना सुनिश्चित करें, ताकि तेज गति से चलने वाले वाहनों पर रोक लगायी जाए। जिससे उनको ठहरने में किसी प्रकार की परेशानी नही होने पाए। यह भी सुनिश्चित करें की कावंड यात्रा मार्ग में गांजे व भांग आदि नशीलें पौधों को हटवा दिया जाए। उन्होने अपने पिछले अनुभव बताते हुए कहा कि जलाभिषेक के लिए कावंड यात्राऐं प्रारम्भ हो जाएगी।

# बोर्ड परीक्षाओं को लेकर तैयारियां पूरी



**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अलीगढ़।** यूपी बोर्ड के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 24 मार्च से शुरू हो रही हैं। टीकाराम कन्या इंटर कॉलेज में परीक्षा की तैयारी को लेकर हुई, बैठक में डीएम संजीव रंजन ने कहा कि कई वर्षों से सकुशल परीक्षाएं संपन्न कराए जाने के बावजूद अलीगढ़ संवेदनशील श्रेणी में है, ऐसे में अतिरिक्त सावधानी बरतनी होगी। जिम्मेदार नकलविहीन परीक्षा कराना सुनिश्चित करें। जिले में 138 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इसमें हाईस्कूल के 50943 और इंटरमीडिएट के 53329 परीक्षार्थी शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्र से संबंधित कोई भी सूचना तत्काल स्टैटिक व सेक्टर मजिस्ट्रेट के माध्यम से कंट्रोल रूम या उच्चाधिकारियों को दें।

परीक्षा में नकल करते पकड़े जाने पर आजीवन कारावास व एक करोड़ जुर्माने का प्रावधान है। एसपी क्राइम ममता कुरील ने बताया कि सभी केंद्रों पर एक सब इंस्पेक्टर, दो आरक्षी व एक महिला आरक्षी की तैनाती की गई है। संवेदनशील केंद्रों पर क्यूआरटी टीम रहेगी। डीआईओएस सर्वदा नंद ने बताया कि प्रश्न पत्र आ चुके हैं। पुलिस अभिरक्षा में सुरक्षित रखा गया है। बैठक में एसडीएम कोल दिग्विजय सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अनिल कटियार, बीडीओ, विद्यालयों के प्रधानाचार्य, केंद्र व्यवस्थापक, स्टेटिक, सेक्टर मजिस्ट्रेट आदि मौजूद रहे।

# प्रदर्शनी में कलाकारों ने किया मंत्रमुग्ध



**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अलीगढ़।** प्रदर्शनी के कृष्णांजलि नाट्यशाला में राजस्थानी नाइट का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती विजय सिंह एवं ठाकुर श्यौराज सिंह जी ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में कोहिनूर लहंगा ग्रुप ने एक से एक बढ़कर प्रस्तुति देकर दर्शकों को और श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया राजस्थानी ग्रुप के कलाकारों ने भवाई, कालबेलिया एवं चरि नृत्य के माध्यम से अपनी कला को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की शुरुआत केसरिया बालम गीत के साथ हुई इसके बाद छाप तिलक सब छोड़ी तोसे नैना मिला के, होरीया में उड़े रे गुलाल आदि गीतों के साथ एक से एक बढ़कर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम संयोजक मोनू अग्रवाल, हरी बाबू गुप्ता, संजय पंडित, पवन राजपूत, लोकेश गुप्ता, सुशांत वार्ष्णेय, मयंक वार्ष्णेय, अंकित अग्रवाल, संजीव कुमार वर्मा आदि उपस्थित थे।

## कोर्ट में जिला जज की तबीयत बिगड़ी

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अलीगढ़।** मंगलवार को अलीगढ़ के जिला जज संजीव कुमार अचानक तबीयत बिगड़ गई। वह हर दिन की तरह कोर्ट रूम में सुनवाई कर रहे थे। तभी अचानक उन्हें दिक्कत होना शुरू हो गई। जिला एवं सत्र न्यायधीश संजीव कुमार मंगलवार दोपहर 1:30 बजे अपनी कोर्ट में ही मौजूद थे। वह कोर्ट में सुनवाई कर रहे थे, कि अचानक उनके सीने में दर्द होने लगा। कुछ देर तक जब उन्हें राहत महसूस नहीं हुई तो वह तुरंत अस्पताल पहुंचे। जिला जज संजीव कुमार को रामघाट रोड स्थित ट्रामा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। जहां डॉक्टर ने बताया कि उनकी हालत अब ठीक है। डरने की कोई बात नहीं है। चेस्ट पेन था, हार्ट अटैक नहीं आया था। फिलहाल उनकी जांचें की जा रही हैं। हालांकि इस मामले में अभी न्याय विभाग की ओर से किसी तरह की जानकारी नहीं दी।

# महाकुंभ मेले का एक्सटेंशन नहीं, अफवाहों पर न दें ध्यान: डीएम



**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**प्रयागराज।** इन दिनों सोशल मीडिया पर तेजी से अफवाह फैली है कि प्रयागराज महाकुंभ में भारी भीड़ को देखते हुए प्रदेश सरकार और मेला व जिला प्रशासन की ओर से मेले का एक्सटेंशन करते हुए इसे मार्च तक बढ़ा दिया गया है। प्रयागराज के डीएम रविंद्र मांदड़ ने ऐसी अफवाहों का सिरे से खंडन किया है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा है कि यह नितांत अफवाह है।

महाकुंभ मेले का जो शेड्यूल जारी होता है, वह मुहूर्त के हिसाब से जारी होता है और पहले से तय होता है। 26 फरवरी को निर्धारित तिथि पर ही महाकुंभ का समापन होगा और तब तक जो भी श्रद्धालु आ रहे हैं, उन सभी के सुगम आवागमन को सुनिश्चित किया जा रहा है। मेले की डेट के एक्सटेंशन को लेकर सोशल मीडिया पर जारी अफवाहों पर डीएम ने स्पष्टीकरण दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सभी श्रद्धालुओं की सुविधा और व्यवस्था का पूरा ध्यान रखा जा रहा है।

उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की वह किसी प्रकार की अफवाह पर ध्यान ना दें, क्योंकि शासन और प्रशासन की तरफसे मेले की डेट के एक्सटेंशन का कोई प्रस्ताव नहीं है। उन्होंने कहा कि जो भी दिन शेष बचे हैं, इस दौरान लोगों के सुगम स्नान के प्रबंध किए जा रहे हैं। लोग संगम में स्नान करने के बाद वापस अपने गंतव्यों की ओर लौटें, इसका प्रबंध किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक मैनेजमेंट हमारी प्राथमिकता में है। इस पर हम लगातार काम कर रहे हैं।

प्रयागराज के आम जनजीवन को बिना प्रभावित किए श्रद्धालुओं के आवागमन का बैलेंस बनाकर काम किया जा रहा है। रेलवे स्टेशन को बंद किए जाने को लेकर डीएम ने कहा कि कोई रेलवे स्टेशन बिना पूर्व सूचना के बंद नहीं किया गया है। यह कोरी अफवाह है। उन्होंने कहा कि दारागंज में प्रयागराज संगम स्टेशन पीक डेज पर हम पहले भी बंद करते आए हैं। चूंकि यह स्टेशन मेले से सटा हुआ है, इसलिए यहां ज्यादा भीड़ इकट्ठा न हो।

इसलिए इसको स्थाई रूप से बंद किया गया है। इसके अतिरिक्त जितने भी हमारे स्टेशन हैं सभी संचालित हैं और बड़ी संख्या में लोग वहां से आ और जा रहे हैं। डीएम ने कहा कि यह सरकार और जिला प्रशासन के लिए ऐतिहासिक अवसर है। मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन पर हम सभी गतिविधियों को सामान्य रूप से संचालित कर रहे हैं। अभी तक किसी भी छात्र की परीक्षा नहीं छूटी है। पूर्व में भी हमने अपील की थी कि बोर्ड परीक्षा दे रहे सभी छात्र और अभिभावक निर्धारित समय से पूर्व परीक्षा केंद्र में पहुंचें। सभी ने इस पर अमल किया है।

# महाकुंभ: तीन करोड़ से ज्यादा लोग कर चुके हैं ट्रेनों में यात्रा



**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**लखनऊ।** महाकुंभ के मौके पर रेलवे में इस बार रिकॉर्ड संख्या में यात्री सफर कर रहे हैं। यह पहला मौका है कि महाकुंभ के अवसर पर सिर्फ ट्रेनों से ही सफर करने वाले यात्रियों की संख्या तीन करोड़ के पार हो चुकी है। अभी महाकुंभ 26 फरवरी तक है, ऐसे में उम्मीद जताई जा रही है कि ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों का आंकड़ा चार करोड़ को पार कर सकता है।

महाकुंभ के मौके पर रेलवे प्रशासन ने इस बार 13 हजार रूटीन और स्पेशल ट्रेन चलाए जाने की योजना बनाई, लेकिन भीड़ का आलम यह है कि 18 फरवरी तक ही 13 हजार से ज्यादा रूटीन और स्पेशल ट्रेनों की आवाजाही प्रयागराज और शहर के अन्य रेलवे स्टेशनों से हो चुकी है। जिस हिसाब से यहां यात्रियों की आवाजाही हो रही है, उसे देखते हुए अनुमान लगाया जा रहा है कि महाशिवरात्रि के पहले ही कुल संचालित ट्रेनों की संख्या 14 हजार के आंकड़े को आसानी से पार कर जाएगी। सोमवार 17 फरवरी की ही बात करें तो प्रयागराज जंक्शन समेत शहर के आठ रेलवे स्टेशनों से कुल 362 ट्रेनों का आवागमन हुआ। इसमें 182 स्पेशल और 170 रूटीन की ट्रेनें रही। इससे 18.60 लाख यात्रियों की आवाजाही हुई। वहीं मंगलवार की शाम छह बजे तक 201 ट्रेनें संचालित की जा चुकी थीं। इसमें 103 स्पेशल और 98 रूटीन की ट्रेनें शामिल रहीं।

उत्तर मध्य रेलवे के सीपीआरओ शशिकांत त्रिपाठी का कहना है कि यात्री सुविधा के लिए इस बार रिकार्ड संख्या में स्पेशल ट्रेनों का संचालन हो रहा है। उन्होंने बताया कि13 जनवरी से 16 फरवरी तक ही 3.09 करोड़ यात्री ट्रेनों में सफर कर चुके हैं। बिना स्नान पर्व के भी प्रयागराज जंक्शन व शहर के अन्य रेलवे स्टेशनों पर भीड़ उमड़ी। आलम यह रहा कि मौनी अमावस्या के बाद पहली बार खुसरोबाग आश्रयस्थल रातभर खुला रहा। इसी के माध्यम से लोगों को जंक्शन भेजा गया। इस बीच रेलवे का इमरजेंसी प्लान सोमवार को भी लागू रहा। सभी स्टेशनों से ऑन डिमांड ट्रेनों का संचालन हुआ।

रात नौ बजे तक 308 ट्रेनों का संचालन किया जा चुका था। जंक्शन, छिवकी, नैनी, झूंसी में बहुत सी ट्रेनों के दरवाजे पर यात्री लटक कर रवाना हुए। कुछ स्पेशल की आपातकालीन खिड़की से भी यात्री कोच के अंदर घुसे। वहीं, रूटीन ट्रेनों के आरक्षित कोच के शौचालय में भी यात्री सवार हो गए। रेलवे ने सोमवार को जो ट्रेनें चलाईं, उसमें 118 स्पेशल व 158 नियमित रहीं। माघी पूर्णिमा का स्नान होने के बाद पडेव पहले वीकेंड में उम्मीद से ज्यादा भीड़ पहुंची।

## वीडियो बना रहे पत्रकार का मोबाइल फोन तोड़ा

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अलीगढ़।** जनपद के दादों थाना क्षेत्र में एक सिपाही ने वीडियो बना रहे युवक का मोबाइल तोड़ दिया। आरोप है कि वीडियो बनाने वाला युवक मीडिया संस्थान से जुड़ा है और वह घटना का वीडियो बना रहा था। इस पर वहां मौजूद सिपाही नाराज हो गया। सिपाही पर आरोप है कि उसने वीडियों बना रहे पत्रकार को वीडियों बनाने से रोका और उसके हाथ में डंडा मार दिया। इससे उसके हाथ में चोट लग गई और उसका मोबाइल फोन भी टूट गया। जिसके कारण उसका मोबाइल टूट गया। जिसके बाद जमकर हंगामा हुआ और लोगों ने आरोपी सिपाही को घेर लिया। इसके बाद सिपाही के साथ मौजूद अन्य पुलिस कर्मियों ने बीच बचाव करके मामला शांत कराया। वहीं अब मामले की जांच शुरू हो गई है।

# पुलिस टीम द्वारा एक अभियुक्त गिरफ्तार




**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**हापुड़।** पुलिस उपमहानिरीक्षक मेरठ परिक्षेत्र मेरठ महोदय के निर्देशानुसार हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में चलाए जा रहे ऑपरेशन शस्त्र अभियान के अन्तर्गत थाना बाबूगढ़ पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए ग्राम नूरपुर में घटित फायरिंग की घटना में संलिप्त एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार, जिसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त अवैध असलहा बरामद किया गया।

# रोजगार मेले का किया अयोजन






**फिरोजाबाद।** जिला सेवायोजन कार्यालय फिरोजाबाद के तत्वाधान में सेवायोजन कार्यालय परिसर में दिनांक 18-02-2025 को एक दिवसीय नि:शुल्क रोजगार मेला सम्पन्न कराया गया। रोजगार मेले में कुल ऑनलाइन, ऑफलाइन 02 नियोजकों एवं लगभग 132 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया जिसके सापेक्ष कुल 59 बेरोजगार अभ्यर्थियों का अंतिम रूप से चयन किया गया।

**हापुड़।** महाकुम्भ प्रयागराज-2025 जाने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिगत श्रीमान जिलाधिकारी महोदया व श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा स्टेशन मास्टर हापुड़, जीआरपी हापुड़ एवं आरपीएफ हापुड़ के साथ हापुड़ जंक्शन रेलवे स्टेशन का भ्रमण निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया व यात्रियों को सुगम एवं निर्बाध यात्रा उपलब्ध कराने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

## अब विधानसभा घेराव की तैयारी में जुटे अभ्यर्थी

**लखनऊ।** 69000 शिक्षक भर्ती मामले में मंगलवार को एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई नहीं हुई। इससे अभ्यर्थी निराश हैं। अब इस प्रकरण की सुनवाई 25 फरवरी को होगी। पिछली कई डेट से इस मामले की सुनवाई नहीं हो पाई है। आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी इस मामले में सरकार की ओर से पहल न होने से नाराज हैं और विधानसभा घेराव की तैयारी में लगे हैं। आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों का नेतृत्व कर रहे अमरेंद्र पटेल ने कहा की इस प्रकरण के निस्तारण के लिए सरकार की ओर से कोई पहल नहीं की जा रही है। इसके चलते सुप्रीम कोर्ट से तारीख मिल रही है। ऐसे में मजबूरी में हम विधानसभा घेराव की तैयारी कर रहे हैं। सरकार यह बताए कि क्यों इस मामले पर बार-बार वह पछ रखने से कतरा रही है।

# संगमम के डेलीगेड्स ने अनन्नास के पत्तों से सीखा धागा बनाना



**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**वाराणसी।** बीएचयू पहुंचे 210 तमिल डेलीगेट्स ने वैज्ञानिकों, किसानों, संगठनों और कलाकारों से उत्तर भारत की खेती-किसानी और हस्तशिल्प को समझा। कृषि वैज्ञानिकों ने अनन्नास के पत्तों से धागा बनाने की विधि जानी।

काले चावल की खेती के साथ शून्य बजट खेती के बारे में जाना। बीएचयू में विकसित गेहूं की उन्नत किस्म एचयूडब्ल्यू 838 की खासियत और बीएचयू फार्म एडवाइजरी ऐप के फायदों भी जाने। बीएचयू के संगीत एवं मंच कला संकाय के सभागार में हुए वैचारिक सत्र में कृषि क्षेत्र में उन्नयन और हस्तकला व शिल्पकला से जुड़े लोगों के विकास के तमाम पहलुओं पर चर्चा की गई। विद्वानों ने कहा कि तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश के कृषि और शिल्प विशेषज्ञ मिलकर अपने अनुभवों को साझा करते हैं तो यह राष्ट्रीय एकता और विकास अपने शीर्ष को छूता है। दृश्य कला संकाय के डॉ. सुरेश चंद्र जांगिड़ ने डेलीगेट्स को बनारसी रेशम बुनाई, गुलाबी मीनाकारी और पारंपरिक मूर्तिकला के बारे में बताया। बनारसी साड़ी के बनने में लगने वाले समय और कारीगरी की मुश्किलों को भी जाना।

बौद्धिक सत्र में कृषि और पारंपरिक हस्तकला के जरिये उत्तर और दक्षिण के गांवों की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने पर सहमति बनी। बीएचयू के कृषि फार्म में कृषि विज्ञान संस्थान के निदेशक प्रो. उदय प्रताप सिंह ने कृषि के क्षेत्र में विश्वविद्यालय को मिली अत्याधुनिक उपलब्धियों और खेती में हुए इनोवेशन के बारे में बताया। डेलीगेट्स ने कृषि फार्म के दौरे के दौरान आधुनिक कृषि तकनीकों, डेयरी उत्पादन और पोषण आधारित कृषि पद्धतियों के बारे में जाना। प्रो. रघुरामन ने फसलों और प्रौद्योगिकी के बारे में जानकारी दी। कहा कि किसान इनका उपयोग करके लाभ भी अर्जित कर रहे हैं।

उन्होंने किसानों की समृद्धि के साथ-साथ कृषि रिसर्च से फूड सिक्योरिटी सुनिश्चित करने की बात की। पद्मश्री से सम्मानित किसान चंद्रशेखर सिंह ने कहा कि काशी तमिल संगमम से संस्कृति ही नहीं कृषि को भी बढ़ावा दिया है। उत्तर और दक्षिण के बीच ज्ञान साझा करने का एक सशक्त माध्यम बन गया है।